डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें -
9799559096
0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 20 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 16 जून से 22 जून 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## इजराईल-ईरान युद्ध अमेरिका के लिए काफी महत्वपूर्ण

### -अमेरिका के दोनों हाथों में लड्डू







जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। इजराईल ने अमेरिका के इशारे पर ईरान पर फाइटर जेट, मिसाईलों एवं ड्रोन से हमला कर दिया। इजराईल के हमले में दावा किया गया कि उसने ईरान की परमाणु साईट, सैन्य हैडक्वार्टर एवं तेल r रिफाईनारियों को नष्ट कर दिया। ईरान ने स्वीकार भी किया कि इजराईली हमले में उसके कई सैन्य अधिकारी एवं अन्य की मौत हो गई। दूसरी तरफ ईरान ने भी इजराईल पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। सूचनाओं के अनुसार इजराईली राजधानी तेल अवीव और इजराईल के व्यापारिक केन्द्र हाइफाशहर में ईरानी हमले से काफी नुकसान हुआ है। दोनों ही देश एक दूसरे पर भीषण अटैक कर रहे है। ऐसा लगता है कि इजराईल ईरान युद्ध समय के साथ और भीषणारूप ले सकता है। युद्ध के बीच अमेरिका ने धमकी दी है कि ईरान परमाणु समझौता करे, क्योंकि इजराईल के पास और भी घातक हथियार है। । लेकिन ईरान अमेरिका इजराईल के सामने झुकने के लिए तैयार नहीं है। वैसे अमेरिका ने कहा है कि इजराईल ने ईरान पर आक्रमण बिना उसकी मर्जी से किया है और इजराईल के साथ अमेरिका युद्ध में शामिल नहीं है। साथ में धमकी दी है कि ईरान ने मिडिल ईस्ट में उसके ठिकानों पर हमला किया तो अमेरिकी फौज ईरान को बर्बाद कर देंगी।

**अमेरिका के दोनों हाथों मे लड्डू –**
वैसे सभी जानते है कि अमेरिका की सैन्य सहायता से इजराईल मुस्लिम देशों पर भारी पड़ता है। इजराईल- अमेरिका किसी भी हालात में ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना चाहते हैं। अमेरिका की विश्व में एक अलग ही नीति हैं। अमेरिका के लिए विश्व में युद्ध होते रहने चाहिए जिससे हथियार बेचकर पैसा कमाया जा सकें। इजराईल के पास बहुत पैसा है, अमेरिका में यहूदी लॉबी जो मिलेनियर है इजराईल की आर्थिक सहायता करती है। इसलिए अमेरिका इस युद्ध में हथियार सप्लाई करके पैसा कमाएंगा। दूसरी तरफ इजराईल, ईरान से युद्ध जीत गया तो इजराईल की जीत का सारा क्रेडिट अमेरिका को ही जाएंगा। यदि इजराईल युद्ध ईरान से हारता है तो भी अमेरिका को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। क्योंकि इजराईल अमेरिका के लिए गले की हड्डी बन गया है। दुनिया के ज्यादातर मुस्लिम देश इजराईल के कारण अमेरिका से दूर जाने लगे हैं। अमेरिका मुस्लिम देशों से नजदीकी बढ़ा लेगा और कहेगा कि मुस्लिम देशों के सम्मान के कारण उसने युद्ध में इजराईल का साथ नहीं दिया। वैसे अमेरिका को इजराईल-ईरान युद्ध में भाग लेने की संभावना कम ही है। क्योंकि अमेरिका के युद्ध में भाग लेते ही रूस, चीन और साउथ कोरिया भी अमेरिका के खिलाफ ईरान का साथ दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में चौतरफा युद्ध की सारी जिम्मेदारी और नुकसान अमेरिका को उठाना पड़ेगा। अमेरिका कभी अकेले नुकसान नहीं उठाता है। लेकिन संभावना यही है कि किसी भी स्थिति से अमेरिका फायदा उठाना चाहेंगा।

**इजराईल को पहली बार इतना बड़ा नुकसान -**
इजराईल की मिसाईल प्रतिरोधक क्षमता विश्व में सबसे अधिक और शक्तिशाली मानी जाती है। इजराईल की सुरक्षा को अभेदा माना जाता है। उसके पास आयरन डोम, स्टरडॉम एवं अमेरिका का दिया हुआ थॉड सिस्टम है। फिर भी ईरान की मिसाईलो, ड्रोनो ने इजराईल के तेलअवीव शहर और हाईपा शहर में भारी नुकसान पहुंचाया है। ईरान ने इजराईल, हाईफा एअर पोर्ट, तेल डिपों पर मिसाईलो से आक्रमण कर दिया जिससे भारी नुकसान हुआ। यदि ईरान की मिसाईले इजराईल के रक्षा कवच को इसी तरह भेदती रही तो इजराईल का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। वैसे इजराईल और अमेरिका ने ईरान की इस तरह की जबाबी कार्यवाही का अंदाजा नही लगाया था। माना जा रहा है कि जबसे इजराईल बना है, इस तरह का आक्रमणा उस पर पहले कभी नही हुआ है। ईरान और इजराईल के बीच युद्ध काफी खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। इजराईल वैसे तो हमेशा ही युद्ध की स्थिति में रहता है और हमेशा ही युद्ध की तैयारी करता रहता है। लेकिन ईरान की तरह पहले किसी देश ने उसको जबाब नही दिया।

**- इजराईल और ईरान में कौन भारी**
इजराईल और ईरान युद्ध में अभी तक इजराईल का पलड़ा भारी है। इजराईल के पास अमेरिका के दिए हुए एफ-35 फाईटर विमानों की बड़ी संख्या है। है। एफ-35 फाईटर विमान दुनिया के सबसे खतरनाक विमान माने जाते है। इजराईल के पास सटीक मार करने वाली मिसाईले हैं। इसलिए इजराईल-ईरान में सटीक हमले करके नुकसान ज्यादा पहुंचा रहा। अमेरिका अपने राडार और अन्य तकनीकी उपकरणों से सूचना एकत्रित करके इजराईल को जानकानी दे रहा है। फिर भी ईरान की मिसाईल क्षमता कमजोर नहीं है। ईरान की मिसाईले इजराईली रक्षा कवच को भेद कर इजराईल के शहरों में नुकसान पहुंचा रही है।

अभी तक यह अंदाजा नही लगाया जा सकता है कि कौन भारी और कौन कमजोर है। कुछ दिनों के युद्ध के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएंगीं। वैसे इजराईल और ईरान दोनों के पास अघोषित परमाणु बम बताए जा रहें हैं। इन दोनों में से किसी ने भी युद्ध में परमाणु बम का प्रयोग कर लिया तो युद्ध की स्थिति बदलने में समय नही लगेगा और भारी जानमाल की हानि होना तय है।

## प्रदेश की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए 1914 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की स्वीकृत


### - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री का जताया आभार



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का राज्य की विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए 1914 करोड़ 71 लाख रूपए स्वीकृत करने के लिए आभार जताया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा यह राशि केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत लगभग 1000 किलोमीटर लंबाई की 40 राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए स्वीकृत की गई है। इनमें 31 प्रमुख जिला सड़के, 8 राज्य राजमार्ग और एक अन्य जिला सड़क शामिल है। स्वीकृत की गई राशि से इन सड़कों के खण्डों का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार निरंतर देश-प्रदेश के आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में सड़क तंत्र की अहम भूमिका है। सड़कों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण से सुगम परिवहन संभव होगा, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

## क्या कांग्रेस पार्टी में आरएसएस से जुड़ा व्यक्ति विधायक और सांसद बन सकता है?

### -कांग्रेस नेता राहुल गांधी कई बार आरएसएस की आलोचना कर चुके हैं





जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पार्टी मंचो से कई बार आरएसएस की आलोचना कर चुके हैं। राहुल गांधी आरएसएस की नीतियों के धुर विरोधी माने जाते है। फिर भी कांग्रेस में ऐसे नेताओं की कमी नहीं है जो आरएसएस से नजदीकियों के लिए चर्चा में रहते है। ऐसे ही मध्यप्रदेश की सुनसेर विधानसभा सीट से विधायक भैरोसिंह परिहार का एक विडियो वायरल हो रहा है। विडियो में विधायक भैरोसिंह परिहार सार्वजनिक मंच से बोल रहे है कि मेरे आरएसएस से घनिष्ठ रिश्ते है और आरएसएस के कई पदाधिकारियों से घनिष्ठ संबध है। कांग्रेस से जुड़े देशभर के कार्यकर्ता अब सोच रहे है कि क्या एक आरएसएस का कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में टिकट लेकर विधायक और सांसद बन सकता हैं? फिर राहुल गांधी गुजरात में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए किसके लिए कह रहे थे कि पार्टी के दर्जनो नेता, कार्यकर्ता गददारी एवं स्लीपर सैल का काम करते हैं और पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में क्या सोचा जा सकता है कि वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की पार्टी में पकड़ ढीली पड़ रही है या पार्टी में उनकी चलती नहीं है। वैसे कांग्रेस में आरएसएस से जुड़े रहना और कांग्रेस से विधायक और सांसद बनना कोई नई बात नहीं है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस में ऐसे नेताओं, कार्यकताओं की कमी नही है जो पार्टी में जिलाध्यक्ष, विधायक, सांसद और मंत्री पदों तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी की कांग्रेस और पहले की कांग्रेस की नीति में अंतर आने लगा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि आरएसएस और हिन्द संगठनों से जुड़े लोगों को अब कांग्रेस पार्टी का टिकट मिलना मुश्किल है।

## तेजस्वी यादव नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, भाजपा के बड़े नेता का दावा



पटना। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। एनडीए और इंडिया ब्लॉक में शामिल राजनीतिक दलों के नेता एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच इंडी अलायंस की बैठकों पर तंज कसते हुए बिहार भाजपा के राज्यसभा सांसद शंभू शरण पटेल ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2025 में राजद नेता तेजस्वी यादव हार रहे हैं और इसी हार के डर से वह चुनाव नहीं लड़ेंगे।

भाजपा सांसद शंभू शरण पटेल ने रविवार को कहा कि इंडी अलायंस को यह सोचने की जरूरत नहीं है कि एनडीए में क्या चल रहा है। उन्हें तो यह सोचना चाहिए कि वे एक बार फिर से चुनाव हारने वाले हैं। हमारे सूत्र बताते हैं कि तेजस्वी यादव खुद चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। जिस सीट से वह विधानसभा में पहुंचे थे, उस सीट से अगर चुनाव लड़ते भी हैं तो करीब 1 लाख वोट से हारेंगे।

**महागठबंधन 'ठग गठबंधन' है**
वहीं, बिहार में इंडिया ब्लॉक की हो रही बैठकों पर भाजपा सांसद ने कहा कि महागठबंधन 'ठग गठबंधन' है। चुनाव के लिए सिर्फ गठबंधन और बैठक करते हैं। जबकि एनडीए एकजुट है और लगातार काम कर रहा है।

इंडी अलायंस के लोग तो चुनाव के वक्त बैठक करते हैं। हम लोग चुनाव के लिए नहीं, बल्कि बिहार के लोगों के विकास के लिए हमेशा बैठक करते हैं। 2025 में फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

## पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III



साइप्रस, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को साइप्रस ने अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति, निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स ने 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III" से नवाजा है। पीएम मोदी ने साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार को देश की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा, "ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III सम्मान के लिए मैं आपका (साइप्रस के राष्ट्रपति), साइप्रस सरकार और साइप्रस के लोगों का अभिनंदन करता हूं। ये सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं है, ये 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। उनके सामर्थ्य और आकांक्षाओं का सम्मान है। ये हमारे देश के सांस्कृतिक भाईचारे और "वसुधैव कुटुंबकम" की विचारधारा का सम्मान है। मैं यह अवॉर्ड भारत और साइप्रस के महत्वपूर्ण संबंधों को,हमारे साझा मूल्यों को समर्पित करता हूं। सभी भारतीयों की तरफ से मैं ये सम्मान अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता से स्वीकार करता हूं।" पीएम मोदी ने आगे कहा कि ये सम्मान शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और हमारे लोगों की समृद्धि के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैं इस सम्मान को भारत और साइप्रस के संबंधों के प्रति एक जिम्मेदारी समझता हूं और मैं उस भाव से इसे स्वीकार करता हूं।

शेष पृष्ठ 2 पर...

## जनगणना का गैजेट नोटिफिकेशन जारी, 2027 तक दो चरणों में होगी पूरी



नई दिल्ली। सरकार ने जनगणना को लेकर आज गैजेट नोटिफिकेशन जारी कर दिया। इस जनगणना का आधार एक मार्च 2027 माना जाएगा। इस अधिसूचना के साथ ही जनगणना को लेकर कवायद आज से शुरू हो जाएगी। भारत सरकार ने जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी कर दी है। जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि 34 लाख कर्मचारी और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1।3 लाख जनगणना अधिकारी इस कार्य को अंजाम देंगे। इसके लिए अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल गैजेट का इस्तेमाल किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। अमित शाह ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। सरकार ने सोमवार को वर्ष 2027 में जाति गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी की।इससे पहले जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। अधिसूचना में कहा गया है कि एक मार्च 2027 ही जनगणना के लिए आधार होगा। हालांकि बर्फबारी वाले क्षेत्रों जैसे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू- कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए ये एक अक्टूबर 2026 माना जाएगा। पूरे देश में जनसंख्या संबंधी आंकड़े जुटाने के लिए लाखों कर्मचारियों व अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए उन्हें अत्याधुनिक डिजिटल उपकरणों से लैस किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन होगा।इसके तहत प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में जनसंख्या गणना, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। इसके लिए प्रत्येक घर में हरएक व्यक्ति का विवरण लिया जाएगा




## पाकिस्तान की सभी मुस्लिम देशों को इजराईल के खिलाफ एकजुट होने की अपील

### - पाकिस्तान करेगा इज़राइल पर परमाणु हमला
### - पाकिस्तान को भारत का डर सताने लगा है



जयपुर। इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच नई नई बातें सामने आ रही है। भीषण युद्ध के बीच पाकिस्तान ने इजराइल से कहा कि यदि ईरान पर परमाणु अटैक हुआ तो पाकिस्तान भी इज़राइल पर परमाणु हमला करेगा। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ने सभी मुस्लिम देशों से इजराईल के खिलाफ आने और पाकिस्तान का साथ देने के लिए कहा है। ईरान-इजराईल का युद्ध अब खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। दोनों में से एक भी हटने को तैयार नहीं है। दोनों देश के हमलों में अब बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है।

**पाकिस्तान को भारत का डर**
भारत से युद्धविराम होने के बाद भी पाकिस्तान का डर कम नहीं हो रहा है। पाकिस्तान ईरान का साथ देने के बहाने मुस्लिम देशों से एक साथ आने की अपील कर रहा है। पाकिस्तान ईरान के साथ का दिखावा इसलिए कर रहा है कि भारत से युद्ध के दौरान उसको मुस्लिम देशों का साथ मिल सकें। भारत के डर से ही पाकिस्तान मुस्लिम देशों के साथ आने की बात करने लगा है। लेकिन मुस्लिम देश भी मानते है कि पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी भारत में रहती है। इसलिए भारत के खिलाफ पाकिस्तान का प्रोपेगंडा चलने वाला नहीं है।

## उत्तर प्रदेश में नई सियासी हलचल, स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में बना 'लोक मोर्चा'

### - लोक मोर्चा में शामिल हैं नौ दल



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर से करवट लेती नजर आ रही है। पूर्व मंत्री और समाजवादी नेता रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक नया राजनीतिक गठबंधन 'लोक मोर्चा' के गठन की घोषणा करके राज्य की सियासत में हलचल मचा दी है। इस गठबंधन में कुल नौ छोटे-बड़े दलों ने हिस्सा लिया है और सभी ने सर्वसम्मति से स्वामी प्रसाद मौर्य को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया है। यह गठबंधन आगामी चुनावों में सामाजिक न्याय, समावेशिता और बहुसंख्यक वंचित वर्गों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का दावा कर रहा है। 'लोक मोर्चा का उद्देश्य प्रदेश की राजनीति में सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देना है। गठबंधन का मूल मंत्र 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' स्पष्ट रूप से यह बताता है कि यह समूह सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में संतुलन लाने के लिए प्रयासरत है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अब राजनीति में केवल उच्च वर्गों और पूंजीपतियों का वर्चस्व नहीं चलेगा, बल्कि बहुसंख्यक पिछड़े, दलित और वंचित समाज को उनकी जनसंख्या के अनुपात में अधिकार और भागीदारी मिलनी चाहिए।

गठबंधन में शामिल दल और उनके नेता

1.अपनी जनता पार्टी – स्वामी प्रसाद मौर्य
2.राष्ट्रीय समानता दल – मोती लाल शास्त्री
3.सम्यक पार्टी – राजामणि सुव्वैया राय
4.जनसेवा दल – विनेश ठाकुर
5.पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी – राजेश सिद्धार्थ
6.सर्व लोकहित समाज पार्टी – सत्य नारायण मौर्य
7.स्वतंत्र जनता राज पार्टी – घनश्याम कोरी
8.सबका दल-U – प्रमोद लोधी
9.लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी – राजकुमार सैनी

इन सभी नेताओं ने एकजुट होकर मौर्य को अपना सर्वसम्मत नेता मानते हुए मुख्यमंत्री पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया है।

**राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की आहट**
लोक मोर्चा का गठन ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर प्रदेश की राजनीति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला देखा जा रहा है। ऐसे में यह नया मोर्चा विशेष रूप से ओबीसी, दलित और अन्य वंचित वर्गों को केंद्र में लाकर राजनीतिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य की सियासी पकड़ खासकर गैर-यादव पिछड़े वर्गों में अच्छी है, और वे सामाजिक न्याय की राजनीति के मजबूत पक्षधर माने जाते हैं। यदि गठबंधन की रणनीति सफल रही तो यह आने वाले विधानसभा चुनावों में कई सीटों पर परिणामों को प्रभावित कर सकता है।

# भरतपुर में चलती बाइक में लगी आग



भरतपुर, (रॉयल पत्रिका)। शहर के मथुरा गेट क्षेत्र में रविवार देर रात एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। यह घटना शमशेर बहादुर मस्जिद, जनाना हॉस्पिटल के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार व्यक्ति आगरा से भरतपुर आ रहा था, तभी RJP 80 CK 4125 नंबर की बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने में जुट गए। आग लगने की वजह से इलाके में ट्रैफिक जाम हो गया और आसपास की दुकानों को भी बंद कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने काफी प्रयासों के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

# तनाव, चिंता और डिप्रेशन के बढ़ते मामलों पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

## -विशेषज्ञों ने बताए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारण और समाधान




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। अहसास सोशल वेलफेयर सोसायटी सवाई माधोपुर एवं संपर्क साहित्य संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं एवं वयस्कों में बढ़ते तनाव, चिंता और डिप्रेशन के कारणों एवं समाधान पर केंद्रित चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहसास सोशल वेलफेयर सोसायटी के चेयरमेन सोहेल अनवर ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि आज के समय में युवाओं पर सामाजिक व आर्थिक दबाव, बदलती जीवनशैली, पारिवारिक व सामाजिक अपेक्षाएं और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी जैसी कई वजहें तनाव एवं अवसाद को बढ़ावा दे रही हैं। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने, संवाद को प्रोत्साहित करने एवं उचित परामर्श व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों एवं निष्कर्षों को राज्य सरकार एवं संबंधित गैर-सरकारी संगठनों तक भेजे जाने का निर्णय लिया गया, ताकि इन विचारों को नीतिगत स्तर पर उपयोग किया जा सके। मुख्य वक्ताओं में संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉ. आरती रानी भदौरिया, संपर्क साहित्य संस्थान जयपुर की महासचिव डॉ. रेनू शब्द मुखर, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. अमित जैमनी, शाहीन जावेद एडवोकेट (जयपुर), इकबाल अनवर एडवोकेट (जयपुर), अनिल कुमार सक्सेना, मुकेश कर्दम, पीयूष सिंहल, टीकू सिंहल, जावेद अनवर, शादाब मुखर, अल्ताफ नूर तथा यशवर्धन सिंह जैसे गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनने पर यादव समाज के लोगों ने किया सम्मानित



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। यादव समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश प्रसाद खातोदिया एवं चौमूं तहसील अध्यक्ष का यादव समाज के बंधुओ ने आलीसर की बलदेव घल्डवाल की ढाणी में आस-पास के समाज के बंधुओ ने निर्वाचित दोनो अध्यक्षो का साफा व माल्यार्पण कृष्ण भगवान की तस्वीर देखकर कर व सम्मानित किया किया। इस मौके पर बलदेव यादव, एक्शन लालचंद खडोतिया, आलीसर प्रशासक सरपंच प्रभु नारायण यादव, कजोड़मल यादव, कालूराम करीरा, डॉ रामेश्वर दयाल यादव, नेतराम करीरा, डॉ रतन यादव, नानूराम यादव, रामकरण यादव, इसी प्रकार दोनों अध्यक्षों के सम्मान में सुवालाल डगर, रामस्वरूप यादव, बजरंग लाल, रिटायर फौजी पूर्णमल डागर, मनभरी यादव, मालीराम गंगासागर, भींवाराम ठोठवाल, पूर्व वार्ड पंच रामलाल यादव, श्यामलाल घल्डवाल, मीडिया प्रभारी भगवान सहाय यादव सहितो ने जिला अध्यक्ष डॉ जगदीश प्रसाद यादव, चौमूं तहसील अध्यक्ष सुभाष डागर का कार्यक्रम में आए हुए यादव समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष एवं समाज के बड़े लोगों के द्वारा बच्चों की अच्छी पर्सेंट बनने पर उनको मोमेंटो पर मिठाई खिलाकर धन्यवाद दिया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव ने बताया कि समाज में डीजे दहेज, नुक्ता प्रथा, पेंच, ऐसे फिजूल खर्च न करने पर रोक लगनी चाहिए। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सुभाष डागर ने बताया कि फिजूल खर्चों से बचकर रहना चाहिए क्योंकि आजकल महंगाई खूब चल रही है महंगाई को लेकर गरीब तबके लोगो के बच्चे पढ़ने वाले उनका समय पर पढ़ाई के लिए पैसे नहीं मिलने से वह वंचित रह जाता है इसलिए ऐसे लोगों को यादव समाज को अब आगे कदम उठाने का निर्णय लिया जाएगा। इस कार्यक्रम की मंच संचालन करते हुए नेतराम यादव ने वह डॉक्टर रतन लाल यादव ने सबको आए हुए समाज के लोगों को धन्यवाद दिया।

## ग़ज़ल

इस तरह ख़ुद को मिटाने लगी हूँ मैं,
रोज़ अश्क़ बहाने लगी हूँ मैं।

नई शुरुआत से घबराने लगी हूँ मैं,
हर ख़्वाब टूटने से डगमगाने लगी हूँ मैं।

न शौक़-ए-ज़िंदगी, न ग़म-ए-मौत बाक़ी रहा,
हर रोज़ एक सा, जश्न मनाने लगी हूँ मैं ।

ना उल्फत किसी से है ना मोहब्बत है,
यूँ ही बेरंग उमर सजाने लगी हूँ मैं।

वो आदत जो मेरी ज़ख़्म बन गई है,
उसी को अच्छा कराने लगी हूँ मैं।

ज़िंदगी नासूर की तरह खोखली है,
हर दम उस पर मरहम लगाने लगी हूँ मैं।

जो राह कभी मंज़िल की तरफ़ जाती थी,
उसी राह पर खुद को भटकाने लगी हूँ मैं।

ये कैसा इश्क़ है जो ख़ुद से ही है,
अक्सर इसको भी भुलाने लगी हूँ मैं।

न कोई इंतज़ार, न कोई तमन्ना बाक़ी,
अब वक़्त के साथ निभाने लगी हूँ मैं।

न ज़माने से बैर, न दुनिया की परवाह,
बस ख़ामोशी से अपनी दुनियां मिटाने लगी हूँ मैं।

कायनात के शेरों में इतना तो असर है,
लोगों को अपने शेरों से बहलाने लगी हूँ मैं।

**कायनात अंसारी ...**

## किसी के होए नहीं

तुम्हारी याद में बेशक कभी रोए नहीं
ये ओर बात है तेरे बग़ैर सोए नहीं
दग़ा तो तब हो जब और हो निगाहों में
बहुत से थे मगर किसी के होए नहीं
सफ़र की उलझनें मुश्किल लगी ही नहीं
तुम्हारी रहबरी ऐसी रही के खोए नहीं
तुम्हारे साथ जो दाग़ हम पे चस्पा हुए
तुम्हारे बाद अभी तक वो दाग़ धोए नही
तुम्हारी खूबियां सच्चाईयों की बानी है
महल ख़्वाबों के आपने संजोए नहीं

**मौलिक रचना, रचियता :- फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव (सेवा निवृत्त)**

## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# मोहम्मद नासिर भारत श्री सम्मान अवार्ड से सम्मानित



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारत श्री सम्मान 2025 का आयोजन एक जून रविवार को सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जगतपुरा जयपुर के कालिंदी ऑडिटोरियम में किया गया।जिसमे देश-विदेश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष मुकाम हांसिल करने वाले नवाचारी 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।इस कार्यक्रम में भारत सहित ओमान, सऊदी अरब,कनाडा, नेपाल,भूटान, घाना,जैसे देशों के अवार्डीज को अपने विशेष नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेंद्र माथुर और निदेशक डॉ.निशा माथुर ने बताया कि इस प्रोगाम का उदघाट्न मुख्य अतिथि गुजरात सूरत के प्रख्यात हीरा व्यापारी एंव समाजसेवी महेश भाई सवानी और अतुल कुमार शर्मा ने किया।इस प्रोग्राम का पोस्टर विमोचन जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ व उमाशंकर शर्मा पूर्व स्टेट कमिश्नर जयपुर के द्वारा किया गया। यह समारोह शिक्षा के क्षेत्र में विशेष नवाचार व योगदान देने वालों के लिए एक प्रेरणादायक पहल है।

# वार्ड 114 के पार्षद कार्यालय में लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर नगर निगम ग्रेटर के खो नागोरियान क्षेत्र के वार्ड 114 में पार्षद कार्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद जाकिर ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर मे लगभग 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय क्षय नियंत्रक कार्यक्रम के तहत किया गया। शिविर विलयम जे क्लिटन फाउंडेशन और वर्ल्ड विजन इंडिया की ओर से संचालित सी -19 RM प्रोजेक्ट के तहत हुआ। जिसमे हैड हेल्ड एक्स-रे मशीन की सहायता से टीबी मरीजों की पहचान के लिए चेस्ट एक्स रे किये गए, साथ ही टीबी की जागरूकता की जानकारी भी दी गयी। साथ ही से रोगियों के ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लम्बाई कि भी जाँच की गई और दवाईया भी वितरित की गई। इस दौरान जिला समन्वयक हितेश पांडे और उनकी टीम के रेडियोग्राफर कृष्ण एवं टिंकू जी भी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब हवामहल, जयपुर का स्थापना दिवस समारोह आयोजित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने वर्षा के मौसम में अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से अपील भी की है कि वह वृक्ष लगाने के साथ उनके संरक्षण के लिए भी लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने जल संरक्षण के लिए भी अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल रविवार को लायंस क्लब हवामहल, जयपुर के स्थापना दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय परम्परा में अपने लिए नहीं दूसरों के लिए सोच रखते कार्य करने पर जोर दिया गया है। हमारे यहां सेवा ही सबसे बड़ा, परम धर्म कहा गया है। लायंस क्लब इस उद्देश्य से कार्य करता है, यह महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कर्म करें जिससे केवल अपना ही नहीं सभी का भला हो। उन्होंने सभी को समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अपना श्रेष्ठतम देते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

दारूल कज़ा आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, गंगापुर सिटी
ऐलान गायब मकतुदूल खबरी
मामला नं० 39/181, 1446 हिजरी

नीलोफर सिद्दिकी D/o यूनूस हुसैन दुन्दरी सवाई माधोपुर फरीक अव्वल

बनाम

शाहबुद्दीन S/o मोहीउद्दीन सिद्दिकी दुमरी मधुवनी बिहार फरीक दोम
इतला बनाम फरीक दोम

इस मामले में फरीके अव्वल नीलोफर सिद्दिकी ने आपके खिलाफ दारूल कज़ा गंगापुर सिटी में दिनांक 2017 से गायब रहने नाम नफ़का ना देने और दीगर हुकूक के जोजियत अदा न करने की बुनियाद पर फस्खे निकाह का मामला दर्ज किया है। इसलिए इस ऐलान के जरिए आप को इत्तिला दी जाती है कि आप जहां कही भी हो दिनांक 19 जून 2025 बरोज जुमेरात सुबह 9 बजे आप खुद अपने गवाहों और सबूत के साथ दारूल कज़ा गंगापुर सिटी में हाजिर होकर रफ्के इलजाम करें। इस तारीख पर हाजिर ना होने या कोई पैरवी ना करने की सूरत में मामला हाजा का तसफिया हो जाएगा ।

गवाह दो ऐसे मोहतबर मुस्लिम मर्द या एक मर्द या दो औरतें हों जो मामला हाजा से मुतालिक हालात से वाकिफ हो।

बा हुक्म काजी शरीयत दारुल कजा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड गंगापुर सिटी।

फकत दारुल कज़ा ऑल इण्डिया
मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड
गंगापुर सिटी
मोबाइल नं. 9462442001

# नगर परिषद की लापरवाही से बदहाल सफाई व्यवस्था, आमजन हो रहे परेशान

**शादाब अली**



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद सवाई माधोपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 35 एवं 36 में अंसारी मोहल्ला स्थित गलता रोड की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और उदासीनता के आरोप लगाए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गलता रोड पर नियमित रूप से सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहे, जिससे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूर्णतः चरमरा गई है। नगर परिषद द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन भी यहां नहीं पहुंच रहे, जिसके कारण लोगों को अपने घरों में ही कचरे का ढेर जमा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। सफाईकर्मियों द्वारा यदि कभी-कभार सफाई की भी जाती है, तो सड़क के किनारे कचरा एकत्रित कर छोड़ दिया जाता है, जिससे गलता मंदिर, महाबली हनुमान मंदिर और घाटीला बालाजी जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को लगातार दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण वे पूरी तरह गंदगी से भर चुकी हैं, जिनमें मच्छर पनप रहे है। वहीं दूसरी ओर सीवरेज चैंबर भी ओवरफ्लो हो रहे हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और स्थानीय जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन और सरकार की इस अनदेखी से नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लेगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता पर लेते हुए नियमित सफाईकर्मियों की नियुक्ति की जाए, कचरा वाहन नियमित भेजे जाएं और नालियों व सीवरेज की सफाई तत्काल प्रभाव से करवाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# एक हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला प्रेरणादायक प्रशिक्षण

## - महिला एवं बाल विकास विभाग और रॉकेट लर्निंग की पहल से बच्चों के समग्र विकास को मिलेगा नया आयाम



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन सवाई माधोपुर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को सषक्त और गुणवत्तपूर्ण बाल देखभाल का का केन्द्र बनाने की दिषा में निरंतर प्रयास किए जा रहे है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रही हैं। रॉकेट लर्निंग एक गैर-सरकारी संस्था है जो प्रारंभिक एवं पूर्व प्रारंभिक शिक्षा के लिए काम करती है। संस्था माता-पिता, आंगनवाड़ियों को जोड़ने के लिए डिजिटल और डायरेक्टरेट हस्तक्षेप के मिश्रण का उपयोग करती है। इसी के अंतर्गत रॉकेट लर्निंग के द्वारा टोंक जिले के सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेक्टर अनुरूप पूर्व में मॉड्यूल 1 प्रारम्भिक ब्लायावस्था शिक्षा का महत्व तथा विकास के आयाम का प्रशिक्षण दिया गया था। संस्था के द्वारा सम्पूर्ण जिलें में "आंगनवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम" की शुरुआत अप्रैल माह से शुरू किया गया था, जिसकी कुल अवधि 180 मिनट थी। इस समयावधि के अंतर्गत बतौर सुगमकर्ता लवीश सांखला, चितरंजन नामा तथा मोहित वैष्णव के द्वारा जिले के समस्त 38 सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्य सत्र के रूप में कार्यक्रम का अवलोकन एवं मूल्यांकन, आईस ब्रेकर गतिविधियाँ, खेल और बच्चों के लिए उत्साहवर्धक एवं सुरक्षित वातावरण, समग्र विकास और विकास के विभिन्न क्षेत्रों का परस्पर संबंध, कक्षा कक्ष का आयोजन, दैनिक दिनचर्या एवं टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने खेलों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के नए तरीकों को सीखा। उन्होंने यह समझा कि कैसे एक प्रेरक और सुरक्षित वातावरण बच्चों के सामाजिक, भावनात्मक, भौतिक और संज्ञानात्मक विकास में सहायक होता है।

कार्यकर्ताओं ने कक्षा कक्ष की सजावट, दिनचर्या के निर्माण और बच्चों की उम्र के अनुसार टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) के प्रभावी उपयोग के व्यावहारिक तरीके सीखे। इसके अलावा, गतिविधि आधारित शिक्षण और समूह कार्यों के माध्यम से उन्होंने आपसी संवाद और टीमवर्क को भी बेहतर तरीके से अपनाने की दिशा में प्रगति की। कई कार्यकर्ताओं ने साझा किया कि प्रशिक्षण से उन्हें अपने कार्य में नई ऊर्जा और रचनात्मकता मिली है, जिसे वे अपने केंद्रों में लागू करने को उत्साहित हैं। प्रशिक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रियंका शर्मा, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी महिला परिवेक्षक आदि उपस्थित रहे। साथ ही समस्त कर्मचारियों का इस प्रशिक्षण के दौरान सहयोग रहा।

पृष्ठ 1 का शेष...

# पीएम मोदी को मिला साइप्रस...

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सक्रिय साझेदारी आने वाले समय में नई ऊंचाइयां छुएगी। हम मिलकर न केवल अपने देशों के विकास को मजबूत करेंगे, बल्कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वैश्विक वातावरण के निर्माण के लिए मिलकर योगदान देंगे। पीएम मोदी ने साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "साइप्रस के 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III' का सम्मान पाकर मैं बहुत खुश हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच मित्रता को समर्पित करता हूं।"इससे पहले श्रीलंका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से नवाजा गया था। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने उन्हें यह सम्मान दिया था।

# जयपुर के प्रो. मिर्ज़ा साक़िब बैग को मिला हार्वर्ड में विशेष सम्मान

## -बायोमेडिकल साइंस में बनाई वैश्विक पहचान



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गुलाबी नगरी जयपुर एक बार फिर गर्वित है। यहां जन्मे और पले-बढ़े प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. (डॉ.) मिर्ज़ा साक़िब बैग को हाल ही में अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विशेष सम्मान से नवाज़ा गया है। यह सम्मान उन्हें बायोमेडिकल विज्ञान में उनके अनुकरणीय योगदान और मानवता की सेवा में किए गए शोध कार्यों के लिए प्रदान किया गया। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका का एक प्रतिष्ठित और विश्वविख्यात शिक्षण संस्थान है, जो अपनी उच्चतम शैक्षणिक गुणवत्ता और शोध के लिए जाना जाता है। यहां सम्मान मिलना किसी भी वैज्ञानिक के लिए गौरव की बात होती है। जयपुर में जन्मे प्रो. बैग ने राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एम.एससी. पूरी करने के बाद लखनऊ के सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट से पीएच.डी. की। इसके बाद उन्होंने मेयो क्लिनिक और यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय एट शिकागो में बायोमेडिकल रिसर्च में पोस्टडॉक्टोरल शोध किया। इम्यूनोलॉजी और कैंसर अनुसंधान में प्रो. बैग के कार्यों ने उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई। विशेष रूप से कोविड-19 के दौरान वैक्सीन विकास और रोग उपचार के क्षेत्रों में उनका योगदान सराहनीय रहा।वैज्ञानिक प्रो. बैग ने कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड और हार्वर्ड जैसे विश्व के शीर्ष संस्थानों में विज़िटिंग प्रोफेसर के रूप में भी योगदान दिया है। इतनी ऊंचाइयों को छूने के बाद भी, वे जयपुर से गहराई से जुड़े हैं।आज वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT),इंदौर में एक प्रमुख वैज्ञानिक और शिक्षक हैं। उनकी प्रयोगशाला में कैंसर और पुरानी सूजन से संबंधित बीमारियों के लिए नई दवाओं की खोज पर गहन शोध चल रहा है। प्रो. बैग की उपलब्धियाँ उनकी पारिवारिक जड़ों से भी जुड़ी हैं। उनके पिता मिर्ज़ा मुख़्तार बैग एक प्रतिष्ठित सिविल इंजीनियर थे, जिन्होंने उन्हें ईमानदारी और निष्ठा के संस्कार दिए। उनके बड़े भाई, कैप्टन मिर्ज़ा मोहताशिम बैग, पिछले 25 वर्षों से एक कुशल एयरलाइन पायलट हैं। एक भाई, मिर्ज़ा शारिक बैग, सिविल इंजीनियर हैं, जिन्होंने जयपुर के जल महल के सौंदर्यीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा, प्रो. बैग की भाभी, रूबी खान, राजस्थन की मशहूर समाज सेविका और राजनेता हैं। प्रो. बैग अपने परिवार की दुआओं और अपने पिता की शिक्षाओं को अपनी सफलता का आधार मानते हैं। वे कहते हैं कि मेरे पिता ने हमें मेहनत, ईमानदारी और विनम्रता सिखाई। मेरे भाइयों और परिवार के समर्थन ने मुझे हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वैज्ञानिक प्रो. बैग और उनके भाइयों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जयपुर का नाम रोशन किया है। तीनों भाइयों का सौम्य और शालीन स्वभाव उनकी सफलता को और भी खास बनाता है। उनकी कहानी आज नई पीढ़ी के लिए एक मिसाल है, जो सिखाती है कि मेहनत, लगन और अच्छे संस्कारों के साथ कोई भी सपना हकीकत में बदल सकता है।जयपुरवासियों के लिए वैज्ञानिक प्रो. बैग की यह उपलब्धि गर्व का विषय है।

# "फ़नकार" ओपन माइक का 22 जून को होगा आयोजन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, जयपुर राजस्थान सरकार के सहयोग और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध एवं नवरस संस्था की पहल पर पहली बार ओपन माइक कार्यक्रम "फ़नकार – हर स्वर में रस, हर शब्द में रंग" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 22 जून 2025 को दोपहर 3:30 बजे से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, गवर्नमेंट माइनॉरिटी गर्ल्स हॉस्टल, शिप्रा पथ, जयपुर में आयोजित होगा। यह एक ऐसा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें शहर के नए और अनुभवी कलाकार कविता, कहानी, शायरी और संगीत के ज़रिए अपने जज़्बात और अनुभव लोगों के साथ बाँटेंगे। कार्यक्रम का मकसद सबको एक खुला और सुरक्षित मंच देना है जहाँ हर कोई अपनी बात खुलकर कह सके और दूसरों को ध्यान से सुन सके। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि यह मंच सभी लोगों के लिए है, इसमें हर धर्म, हर समुदाय, हर उम्र और हर सोच के लोगों को एक साथ आने का मौका मिलेगा। यह एक ऐसा मौका होगा जहाँ लोग एक-दूसरे की बात सुनकर एकता और समझ को बढ़ा सकेंगे। "फ़नकार" का मकसद सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ना और सभी को अपनी बात कहने का हौसला देना है। नवरस संस्था की ओर से सभी युवाओं, विद्यार्थियों, कलाकारों और सुनने-समझने वालों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। कार्यक्रम की अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए संपर्क सूत्र 7665044093 तथा 785094909 जारी किए गए हैं।

# नवाब कायम खां की 606वीं पुण्यतिथि पर ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश

## -जयपुर में आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। कायमखानी समाज के प्रथम पुरुष और ऐतिहासिक शख्सियत दादा नवाब कायम खां की 606वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार 14 जून को ख्वाजा गरीब नवाज अमन कमेटी, झोटवाड़ा, जयपुर की ओर से एक ख़ास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झोटवाड़ा स्थित गोल्ड स्टार पैराडाइज में सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य अतिथियों और प्रबुद्धजनों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। इस मौके पर वक्ताओं ने दादा कायम खां की शख्सियत और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दादा नवाब कायम खां एक दूरदर्शी, न्यायप्रिय और बहादुर सिपहसालार थे, जिन्होंने समाज में एकता, इंसाफ और तरक़्क़ी की बुनियाद रखी। वक्ताओं ने यह भी कहा कि उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। समाज के लोगों ने इस अवसर पर दादा कायम खां के दिखाए रास्ते पर चलने, इल्म हासिल करने, एकजुट रहने और समाज की तरक़्क़ी के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल उनके योगदान को याद करना था, बल्कि नई पीढ़ी को उनकी विरासत से जोड़ना भी था। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने इस आयोजन को समाज की चेतना और पहचान से जुड़ा अहम क़दम करार दिया और भविष्य में ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में राजस्थानन वक्फ़ू बोर्ड के चेयरमैन डॉ. खानू खां बुधवाली, ख्वाजा गरीब नवाज अमन कमेटी के अध्यक्ष फारूख खान गनेड़ी समेत कई प्रमुख सामाजिक हस्तियों ने हिस्सा लिया और दादा कायम खां को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया।

# बनास नदी में 8 युवकों की डूबने से हुई मृत्यु अत्यन्त दुखद - मुहम्मद नाज़िमुद्दीन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। बीते दिनों जयपुर से पिकनिक मनाने टोंक पहुंचे 11 युवकों का ग्रुप रविवार को बनास नदी में नहाने गया था। नहाते समय अचानक पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे 8 युवक डूब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना पर जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होने कहा कि यह घटना दिल दहलाने वाली है। इस दुख की घड़ी में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम प्राथना करते हैं कि ईश्वर सभी के परिवारजनों को संयम प्रदान करे। उन्होने प्रशासन से मांग की कि ख़तरनाक व जानलेवा जगहों पर जहां पर बार-बार इस तरह की घटनाएं होती रहती है वहां लोगों को जाने से रोकने के लिए कड़े इन्तेज़ाम किए जाएं, आमजन में जागरूकता लाएं और सुरक्षा का सही प्रबंध किया जाए ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

# कर्बला मे आयोजित सामूहिक विवाह में 30 जोड़े बने हमसफर



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। रामगढ़ मोड़ स्थित कर्बला चौराहे पर गार्नेट हाउस में रविवार 15 जून को एक इज्तेमाई निकाह का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें 30 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा और ज़िंदगी के नए सफर की शुरुआत की। यह अनूठा सामूहिक निकाह कार्यक्रम 'बेटी बोझ नहीं, अभिमान है' की थीम पर आयोजित किया गया था, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस इज्तेमाई निकाह का आयोजन व्यवसायी एवं समाजसेवी हाजी हबीब खान गार्नेट एवं हज्जन हसीना बेगम की जेरे निगरानी में किया गया, उनके नेतृत्व में यह सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गार्नेट ने इस मौके पर कहा कि आजकल के महंगाई के दौर में, जहां बेटी की जिम्मेदारी पिता पर होती है और वह जीवन भर मेहनत-मजदूरी करता है, इस आयोजन का मकसद यह पैगाम देना था कि 'बेटी बोझ नहीं, अभिमान है। कार्यक्रम में पांच काजियों ने निकाह की रस्म अदा की, और समाज के प्रति इस अनूठे कदम की सराहना की। हबीब खान गार्नेट ने आगे कहा कि यदि यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम सफल रहता है, तो भविष्य में 100 जोड़ों का निकाह कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक अमीन कागजी, एडवोकेट सैयद सादात अली, समाजसेवी अनवर शाह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती और समाजसेवी बद्री सिंह राजावत समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और इस पहल को समाज में एक नया विश्वास और सुकून देने वाली पहल करार दिया।

# दरगाह दरवेश हाजी अकबर शाह रहमतुल्लाह अलैहि का 55वां उर्स सम्पन्न



जयपुर/ सांगानेर, (रॉयल पत्रिक)। सांगानेर स्थित दरगाह दरवेश हाजी अकबर शाह रह.अ. का 55वां सालाना उर्स तीन दिवसीय आयोजन के बाद कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर देश और प्रदेश के कोने-कोने से अकीदतमंदों की आमद दरगाह शरीफ में देखने को मिली। यहां पहुंचे लोगों ने मन्नतें मांगी, दुआएं कीं और सूफी संत हाजी अकबर शाह रह.अ. की बारगाह में हाजिरी दी। दरगाह परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया, जहां हर कोना रूहानी नूर से जगमगा उठा। उर्स का आगाज़ कुरान ख्वानी से हुआ, जिसके बाद सूफियाना कलामों की महफिलें सजती रहीं। कव्वाल पार्टियों ने रातभर इश्क-ए-हक़ीक़ी और वलीयों की शान में कलाम पेश किए। हर सूफियाना साज़ और आवाज़ में सिर्फ एक पैगाम था—मोहब्बत, अमन और भाईचारा। दरगाह के खादिम हसन खान मियां ने बताया कि यह आस्ताना सिर्फ एक मज़हबी ठिकाना नहीं, इंसानियत और मोहब्बत का वह चिराग़ है जो हर दिल में उजाला करता है। यहां जात-पात या मजहबी दीवारों की कोई जगह नहीं। हर आने वाला इंसान अल्लाह के वली की रहमत से नवाज़ा जाता है। उर्स के अंतिम दिन कुल की रस्म अदा की गई, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंदों ने भाग लिया। लंगर का भी आयोजन हुआ, जिसमें ज़ायरीन ने तबर्रुक हासिल किया।

# गुजराती गैंग का सरगना गिरफ्तार




जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन और ज्वैलरी चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गैंग के सरगना अर्जुन विनोद भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अपने ही परिवार की महिलाओं से बसों, ऑटो व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ज्वैलरी चोरी की वारदातें करवाता था। करीब एक माह की लगातार दबिश के बाद विधायकपुरी थाना पुलिस ने मुख्य सरगना अर्जुन विनोद भाई को खो-नागोरियान इलाके से गिरफ्तार किया है। विधायकपुरी थाना क्षेत्र में दिनांक 5 मई 2025 को अजमेरी गेट के पास एक महिला संगीता पुरोहित से ऑटो में यात्रा के दौरान सोने की चैन, कान के टॉप्स व 5,000 रुपये की नकदी चोरी हो गई थी। इस पर मुकदमा संख्या 104/2025 धारा 303(2) BNS में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने दिनांक 16 मई 2025 को वारदात में शामिल चार महिलाओं अंजनी उर्फ पंखुड़ी, सुशीला, पिंकी एवं वसन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि यह सभी वारदातें गैंग का सरगना अर्जुन करवाता है। थानाधिकारी बनवारीलाल मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने करीब एक माह तक विधाधर नगर, मुरलीपुरा, बेनाड रोड, रेलवे स्टेशन, खो-नागोरियान व आगरा रोड क्षेत्र में लगातार दबिश दी। अंततः खो-नागोरियान इलाके से गैंग के सरगना अर्जुन को गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी की ज्वैलरी खरीदने वाले ज्वैलर महावीर प्रसाद सोनी को भी गिरफ्तार किया गया। अर्जुन अपने परिवार की महिलाओं – पत्नी, बहन, भाभी और दादी को ट्रेनिंग देकर बस, ई-रिक्शा, ऑटो और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अकेली महिलाओं व बुजुर्गों से ज्वैलरी व कीमती सामान चुराने के लिए भेजता था। चोरी की गई ज्वैलरी अर्जुन स्वयं ले जाता और नियोजित ठिकानों पर बेच देता। आरोपी अर्जुन पिछले तीन वर्षों में 50–60 चोरी की वारदातों को अंजाम दिलवा चुका है। गिरोह की गिरफ्तारी में कॉन्स्टेबल राजेश कुमार (कानि. 9859) व अनुज कुमार (कानि. 12831) की भूमिका सराहनीय रही।

# अवैध हथियार रखने वाला बदमाश गिरफ्तार



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन 'आग' के तहत अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना शास्त्री नगर पुलिस के साथ मिलकर कुख्यात 777 वसीम मोटा गैंग के सक्रिय सदस्य मोहम्मद सलमान उर्फ कबूतर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल भी बरामद की गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना शास्त्री नगर में मुकदमा संख्या 173/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद सलमान उर्फ कबूतर, निवासी मेहनत नगर हटवाड़ा, थाना सोडाला, जयपुर, 777 गैंग का सक्रिय सदस्य है। वह अवैध हथियार अपने पास रखकर बाजार में दुकानदारों से वसूली करता था और भय फैलाता था। पूछताछ में उसने कबूला कि यह हथियार उसने वसीम अहमद उर्फ मोटा निवासी शास्त्री नगर से खरीदा था। यह गैंग जयपुर के भट्टाबस्ती, शास्त्री नगर, संजय सर्किल, सदर, विधायकपुरी और नाहरगढ़ इलाकों में आपराधिक गतिविधियों के जरिए दहशत फैलाता है। गैंग के सदस्य आपस में भी वर्चस्व को लेकर लड़ाई-झगड़े, आगजनी व तोड़फोड़ जैसी घटनाएं करते हैं। सलमान उर्फ कबूतर आदतन अपराधी है, जिस पर जयपुर के विभिन्न थानों में 10 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, लूट, वसूली, हत्या का प्रयास, बलात्कार, पॉक्सो, एससी/एसटी एक्ट जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। इस कार्रवाई में सीएसटी टीम के कांस्टेबल अजय और महेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

# रामगढ़ बांध को बचाने के लिए होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने किया श्रमदान



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)।होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने रविवार को रामगढ़ बांध के संरक्षण और पुनर्जीवन हेतु श्रमदान किया। फेडरेशन के सैकड़ों सदस्यों और पदाधिकारियों ने सुबह 6 बजे ही पहुंचकर फावड़ा, तगारी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के ज़रिए मिट्टी हटाने का कार्य शुरू किया। इस ऐतिहासिक जलस्रोत को जीवंत करने के लिए सभी सदस्य पूरे उत्साह और संकल्प के साथ जुटे रहे। इस श्रमदान में जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।जिनमे जयपुर सांसद मंजू शर्मा, महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर कर्णावट, एवं समाजसेवी रवि नैयर ने स्वयं श्रमदान कर फेडरेशन के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सचिव शैलेश प्रधान, कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण अवतार, सीताराम शर्मा और समीर सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य इस अभियान में शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर रामगढ़ बांध की सफाई, जलधारा खोलने और गाद हटाने जैसे कार्य किए।

# मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। पुलिस थाना गलतागेट ने वाहन चोरी के एक मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए शातिर चोर नदीम अहमद उर्फ मजला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल (RJ-14-DZ-6688) बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, 13 जून 2025 को परिवादी सैय्यद नाजिम अली निवासी गुलशन नगर, सैय्यद कॉलोनी, गलतागेट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी मोटरसाइकिल दिनांक 10 जून की रात 11 बजे से 11 जून की सुबह 7 बजे के बीच उनके घर के सामने से चोरी हो गई। इस पर थाना गलतागेट पर मुकदमा संख्या 191/2025 धारा 303 (2) BNS के अंतर्गत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इसके लिए थानाधिकारी उदय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम में हेड कांस्टेबल रामचंद्र, कांस्टेबल विनोद व कुलदीप शामिल थे। टीम ने सीसीटीवी फुटेज व सूचना संकलन के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे से भी कम समय में मुल्जिम नदीम अहमद उर्फ मजला (उम्र 30 वर्ष), निवासी बांस की पुलिया, सैय्यद कॉलोनी, गलतागेट को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय आरोपी के कब्जे से चोरी की गई हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल को बरामद किया गया।

# वार्ड 65 में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आर्या मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा रविवार को जयपुर नगर हैरिटेज के वार्ड 65 में एक निःशुल्क चिकित्सा एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वार्ड 65 के पार्षद मोहम्मद ज़करिया शेरम की विशेष भूमिका रही। उन्होंने शिविर की योजना, प्रचार-प्रसार और स्थानीय लोगों को जोड़ने में अहम सहयोग दिया। इस शिविर में नागरिकों को जनरल चेकअप, नेत्र रोग, स्त्री रोग (गाइनो) सहित कई बीमारियों की जांच व प्राथमिक उपचार निशुल्क उपलब्ध कराया गया।

शिविर के संयोजक डॉ. अजय कुमार रहे, जिन्होंने आर्या मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम के साथ मिलकर व्यवस्था संभाली। कॉलेज के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और टेक्नीशियनों ने मरीजों की जांच की। इस अवसर पर पार्षद ज़करिया शेरम ने बताया कि गर्मी के चलते बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं।

इस शिविर के माध्यम से लोगों को समय पर इलाज मिल सका। उन्होंने यह भी बताया कि गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई, ताकि उन्हें अस्पताल पहुंचाकर आगे का इलाज किया जा सके। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजनकर्ताओं का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे शिविरों की मांग की।

## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### भारत के पास भरोसे के दोस्तों की कमी दिखाई दे रही है !

रूस-यूक्रेन का युद्ध हुआ तो रूस के साथ चीन, ईरान, उत्तर कोरिया सहित अन्य देश साथ दिखाई दिए। इसी तरह यूक्रेन के साथ नाटो देशों की बड़ी संख्या साथ खड़ी थी। अर्मेनिया और अजरबैजान के बीच दो-तीन वर्ष पहले युद्ध हुआ तो अजरबैजान के साथ तुर्की, पाकिस्तान साथ खड़े थे और अर्मेनिया के साथ फ्रांस सहित अन्य देश खड़े थे । इजरायल ईरान में संघर्ष पहले से चल रहे थे। अब युद्ध चल रहा है इसराइल के साथ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से साथ खड़े हैं। इसी तरह ईरान के साथ चीन, रूस, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान दिखाई दे रहे हैं। लेकिन जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो भारत के साथ कोई भी देश खड़ा दिखाई नहीं दिया, एकमात्र देश इजराइल ने जरूर भारत के पक्ष में बयान दिए । भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के दोस्त और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत के पक्ष में कोई बयान नहीं दिया और जब भारत युद्ध में पाकिस्तान पर भारी पड़ने लगा तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दबाव डालकर युद्ध रोकने पर मजबूर कर दिया । बाद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का उपवास बढ़ाया । भारत का हमेशा सच्चा और भरोसे का दोस्त रहा रूस भी भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय तटस्थ रहा। दूसरी तरफ आतंकवादियों की फैक्ट्री माना जाने वाले पाकिस्तान के साथ तुर्की, अज़रबैजान खुलकर साथ रहे थे । अब यह सोचने की बात है कि पहले भारत का दोस्त रूस हुआ करता था, रूस ने हर मुसिबत में चाहे वह युद्ध की स्थिति हो या फिर संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी मामले पर वीटो करने का अवसर हो, भारत के साथ दिया । लेकिन वही रूस अब भारत के साथ सिर्फ व्यापारिक संबंध रखना चाहता है। अब ऐसा क्या हो गया कि भारत के पास एकमात्र इजरायल के अलावा कोई दूसरा देश दोस्त नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री क्यों इसराइल को सबसे ज्यादा तरजीह देते हैं। इसराइल के खिलाफ विश्व में 50 से ज्यादा मुस्लिम देश हैं, फिर भी मुस्लिम देशों से ज्यादा मोदी सरकार ने इसराइल को तरजीह दी। अब जब इजराइल का ईरान के साथ युद्ध चल रहा है तो भारत इजराइल का भी खुलकर साथ नहीं दे रहा और प्रधानमंत्री दोनों को युद्ध से बचने की सलाह दे रहे हैं। भारत की यही नीति दोस्त बनने में आड़े आ रही है। देश के प्रधानमंत्री सैंकड़ों देशों की यात्रा कर चुके हैं और सभी से अच्छे रिश्ते रखना चाहते हैं। लेकिन नाराज किसी को नहीं करना चाहते हैं। यह भी माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक व्यापारी की तरह देश चला रहे हैं, सभी से अच्छे संबंध रखते हैं। रूस यूक्रेन युद्ध में रूस को अपेक्षा थी कि भारत उसका साथ देगा, लेकिन भारत ने अमेरिका से संबंध खराब होने के डर से साथ नहीं दिया। देशों के बीच दोस्ती जब होती है जब बुरी स्थिति में एक दूसरे का साथ दिया जाए जैसे ईरान ने रूस का साथ दिया तो आज रूस ईरान के साथ युद्ध में खड़ा दिखाई दे रहा है । इसलिए भारत की लीडरशिप के लिए जरूरी है कि विश्व में कुछ देशों के साथ दोस्ती की जाए जो बुरे वक्त में काम आए। क्योंकि भारत देश अभी इतना शक्तिशाली नहीं हुआ जो पड़ोसी देशों और विश्व के देशों को अपनी बात मनवा सके। भारत जब तक शक्तिशाली देश बन नहीं सकता, जब तक देश के भीतर नफरत की राजनीति चलती रहेगी और धार्मिक उन्माद बढ़ता रहेगा। भारत को शक्तिशाली बनने के लिए आधुनिक शिक्षा, विकास की राजनीति और धर्म निरपेक्ष राजनीति की जरूरत है।

## 14 जून नवाब कायम खां का शहादत दिवस...

# कायमखानी कौम की उत्पत्ति कैसे हुई

**एम. ताहिर खान**

कायमखानी कौम का इतिहास मुख्य रूप से राजस्थान और हरियाणा के क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। मान्यता अनुसार दुनिया में मौजूद तमामतर इंसानों की उत्पत्ति पहले इंसान हजरत आदम अलैहिस्सलाम से हुई है। इनके बाद उनकी औलाद में 'साम' नाम से एक शख्स हुए हैं। इन्हीं के कबीले से आगे चलकर 'चौहान' नामी योद्धा कौम या कबीले की उत्पत्ति हई। इसी चौहान राजपूत कौम से 'कायमखानी' कौम की उत्पत्ति हुई। कायमखानी कौम के आदिपुरुष नवाब कायम खां साहब हुए हैं। 'कायम खान रासो' के लेखक कवि जान उर्फ न्यामत अली खान ने हजरत आदम अलैहिस्सलाम से नवाब कायम खां तक का संपूर्ण शिजरा अपनी कलम से लिखा है। जो कायम खां रासो में आज भी मौजूद है। इस संदर्भ में इकरा पत्रिका के संपादक एम. फारुक खान द्वारा लिखी पुस्तक 'कायम खानी नवाबों की वंशावली' जिसका प्रथम संस्करण 2014 में प्रकाशित हुआ था जिसमें भी यही हवाला लिखा हुआ है। यह किताब हिंदी और उर्दू दो भाषाओं में प्रकाशित हुई थी। चौहान वंश में कई शाखाएं हुई हैं, जिनमें शाकम्बरी चौहान शाखा प्रसिद्ध है। शाकम्बरी चौहान इन्हे शाकम्बरी माता जी की वजह से बोलते हैं, जो इस शाखा के चौहानों की कुलदेवी है। चौहानों की यह शाखा राजस्थान की सांभर झील के आसपास के इलाके पर शासन करती थी। कालांतर में इनसे अलग होकर कुछ चौहानों ने अजमेर में जाकर अपना राज्य स्थापित किया। जिसमे बहादुरी और कूटनीतिज्ञ से परिपूर्ण कई शासक हुए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से विग्रह राज जी, पृथ्वीराज चौहान जी तृतीय आदि हुए हैं। इसी शाकम्बरी शाखा से संबंधित चौहान राजा घंघराय ने चूरू के आस-पास घाँघु और ददरेवा क्षेत्र में अपना राज्य स्थापित किया। सीकर का हर्ष पर्वत राजा घंघराय के पुत्र हर्ष के नाम पर है। जीण माता भी राजा घंघराय राय की पुत्री बताई जाती है। राजा घंघराय की औलाद में आगे चलकर गोगाजी चौहान एक प्रसिद्ध शासक हुए हैं। जो राजस्थान के प्रसिद्ध लोक देवता में से एक हैं जिन्हें जाहर पीर (प्रकट देवता) कहा जाता है। गोगाजी का मकबरानुमा स्थल 'गोगामेड़ी' राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में नोहर के पास स्थित है। जहां कायमखानी भी भारी संख्या में जाते हैं। इस मकबरेनुमा संरचना को 'मेड़ी' कहते हैं जिसके ऊपर बिस्मिल्लाह लिखा हुआ है। इसे सर्वप्रथम नवाब कायम खान साहब की इच्छा पर उनकी देखरेख में सुल्तान फिरोजशाह तुगलक ने बनवाया था। गोगाजी चौहान के वंश में आगे चलकर मोटे राव जी चौहान ददरेवा के शासक हुए हैं। मोटे राव जी चौहान के 6 बेटे थे जिनमें बड़े बेटे जैन सिंह उर्फ जसवंत सिंह जी हुए हैं। दूसरे बेटे कर्म सिंह जी हुए हैं, तीसरे बेटे जबर सिंह जी, चौथे बेटे जगमाल सिंह जी, पांचवें बेटे जयराज जी और छठे बेटे भोजराज जी हुए हैं। कर्म सिंह की पैदाइश 1335 ईस्वी में हुई थी। कायम खां रासो के अनुसार 'कर्म सिंह जी शिकार खेलने के लिए गए थे जब थक गए तो एक पेड़ के नीचे आराम करने लग गए थे। उसी शिकारगाह में दिल्ली सुल्तान फिरोजशाह तुगलक और हिसार के गवर्नर सैयद नासिर अपने सिपाहियों के साथ शिकार खेल रहे थे। तब फिरोजशाह तुगलक की उस नौजवान पर नजर पड़ी जो पेड़ के नीचे आराम कर रहा था। फिरोजशाह तुगलक और सैयद नासिर दोनों ने अपनी आंखों से वह रूहानी कारनामा देखा जहां सभी पेड़ों की छाया ढल चुकी थी, लेकिन जिस पेड़ के नीचे नौजवान कर्म सिंह जी आराम कर रहे थे। उस पेड़ की छाया उसी तरह बरकरार थी। यह देखकर फिरोजशाह तुगलक ने कर्म सिंह जी का नाम पूछा और उन्हें अपने साथ हिसार ले गए।' कर्म सिंह जी ने सैयद नासिर साहब की देखरेख में तथा हांसी पीर साहब तीसरे कुतुब साहब के यहाँ रहकर रूहानी तालीम के साथ-साथ युद्ध कौशल का इल्म सीखा। कुंवर कर्म सिंह जी ने इस्लाम से प्रभावित होकर 1357 ईस्वी में इस्लाम कबूल किया। उनके साथ बड़े भाई जैन सिंह उर्फ जसवंत सिंह जी और छोटे भाई जबर सिंह जी ने भी इस्लाम कबूल किया। तीनों भाइयों ने पिता मोटे राव जी चौहान की अनुमति से हांसी पीर साहब तीसरे कुतुब के हाथ पर बैत करके इस्लाम कबूल किया। इस्लाम कबूल करके जैन सिंह जी जैनुद्दीन खां, कर्म सिंह जी कायम खां और जबर सिंह जी जबरूद्दीन खां के नाम से जाने गए। कायम खां के नाम से तीनों भाइयों की औलाद कायमखानी कहलाई। कायमखानी कौम की स्थापना के बाद से लेकर आज तक इस कौम को बहादुर, जांबाज, वफादार और वतन से मोहब्बत करने वाली कौम के नाम से जाना जाता है। सैयद नासिर साहब ने अपने इंतकाल से पहले कायम खां साहब को अपनी जागीर हिसार वसीयत कर दी। कायम खां साहब हिसार के गवर्नर बने और 'नवाब कायम खां के नाम से इतिहास में जाने गए। नवाब जैनुद्दीन खां साहब को नारनौल की जागीर मिली तथा नवाब जबरुद्दीन खां साहब को चरखी दादरी के इलाके सौंप दिए गए। नवाब कायम खां साहब को दिल्ली सल्तनत का वजीर और सेनापति भी बनाया गया था। सुल्तान फिरोजशाह तुगलक के बाद तुगलक वंश के कई शासक हुए इन सभी का शासन नवाब कायम खां साहब ने देखा है। आक्रमणकारी तैमूर लंग के समय भी नवाब कायम खान साहब हिसार में मौजूद थे। तैमूर लंग भारत में आक्रमण के बाद 15 दिन रहा। इस आक्रमण के बाद तुगलक वंश बिखर गया। तुगलक वंश के सरदारों ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर दिया। इस समय नवाब कायम खां साहब भी स्वतंत्र शासक हो गए थे।

दिल्ली की राजनीतिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई। तब तैमूर लंग ने अपने एक सरदार सैयद खिज्र खान जो मुल्तान के आसपास के इलाकों में राज कार्य करता था। जिसको दिल्ली की गद्दी संभालने का हुकुम दिया। लेकिन खिज्र खां अकेला इस काम को करने में असमर्थ था। उसे मजबूत सरदार की मदद चाहिए थी। जो उसे दिल्ली की गद्दी पर बैठा सके तब खिज्र खान ने नवाब कायम खां साहब से मदद की दरख्वास्त की। नवाब कायम खान साहब ने बिखरी हुई शासन व्यवस्था, कमजोर अर्थव्यवस्था तथा हिंदुस्तान को अखंड रखने के लिए दिल्ली में मजबूत शासन की स्थापना हेतु खिज्र खान की मदद की और उसे गद्दी पर बिठाया। खिज्र खान ने भी दोस्ती और वफादारी का इनाम नवाब कायम खां साहब को बक्शा और उन्हे दिल्ली सल्तनत का वजीर बनाया




तथा संपूर्ण हिसार सूबे का गवर्नर बनाया। नवाब कायम खां के बढ़ते रसूख से कुछ दरबारियो ने खिज्र खान को नवाब कायम खां के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया और खिज्र खान के मन में इस बात को डाला कि नवाब कायम खां की बढ़ती शक्ति कहीं आपसे दिल्ली की गद्दी ना ले ले।

आखिरकार बदायूं किले के घेरे की मुहिम पर जहां नवाब कायम खां साहब और खिज्र खान साहब थे और फौज का नेतृत्व कर रहे थे। तब चंद चापलूस सरदारों ने खिज्र खान से कहा कि कायम खां आज बगावत करके आपको मौत के घाट उतार देगा। इस झूठी अफवाह से खिज्र खान ने रात्रि में जहां खेमे लगे थे वहां जाकर नवाब कायम खां को धोखे से बुरी पूरी तरह घायल कर दिया। एक वाकिया यह भी मिलता है कि उन्हें हमला कर नदी में डाल दिया और वह नदी से जिंदा वापस निकल गए। इस हमले में नवाब कायम खां और उनके चंद वफादार साथियों ने अंत तक उनका मुकाबला किया और फिर नवाब कायम खां को घायल अवस्था में उनके साथी हिसार किले में लेकर आए।

कायम खां रासो के अनुसार यहीं नवाब कायम खां का इंतकाल हुआ। यानी इस हमले की वजह से घायल होकर वह बाद में इलाज के दौरान शहीद हो गए यह तारीख 14 जून 1419 ईस्वी बताई जाती है। नवाब कायम खां साहब का मकबरा हांसी (हरियाणा) में कायमसर झील जो नवाब कायम खां साहब ने अपने शासनकाल में बनवाई थी के किनारे मौजूद है। वर्तमान में ये मकबरा जर्जर हो चुका है। हर साल 14 जून को नवाब कायम खां साहब के शहादत दिवस को पूरी कायमखानी कौम 'नवाब कायम खां डे' के तौर पर मना कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करती है।

## पुण्यतिथि पर विशेष आलेख....

# खादी के लिए संघर्ष व आंदोलन करने वाली हजारा बीवी इस्माईल

हजारा बीबी इस्माईल आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली के स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद इस्माइल की पत्नी थी यह दंपत्ति महात्मा गांधी से काफी प्रभावित थे,और फिर इन्होंने अपने आपको खादी आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया था मोहम्मद इस्माइल ने गुंटूर जिले में पहला खद्दर स्टोर शुरू किया जिसके लिए उन्हें खद्दर इस्माइल के नाम से प्रसिद्धि मिली। उन दिनों तेनाली आंध्र प्रदेश में मुस्लिम लीग का मुख्यालय भी था जोकि बहुत सक्रिय था क्योंकि मुस्लिम होने के बावजूद भी हजारा और उनके पति गांधीजी का अनुसरण करते थे इसलिए उन्हें मुस्लिम लीग से कड़े विरोध का सामना करना पड़ा लेकिन हजारा बीवी ने हिम्मत नहीं हारी उस दौरान उनके पति को राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भूमिका के लिए कई बार गिरफ्तार भी किया गया था हजारा बीवी और उनके पति चाहते थे कि उनके बच्चे वहां शिक्षित हो जहां राष्ट्रवाद की शिक्षा दी जाती हो इसलिए उन्होंने अपनी बालिकाओं को एक हिंदी स्कूल में भेज दिया इन सब के लिए उन्हें मुस्लिम सम्प्रदाय के कुछ लोगों की तरफ से विरोध एवं बहिष्कार भी झेलना पड़ा। विभिन्न आंदोलनों के दौरान खद्दर इस्माइल को कई बार जेल भी जाना पड़ा जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ा और आखिरकार सन 1948 में उनका निधन हो गया। अपने पति को खोने के बाद भी हजारा बीवी झुकी नहीं और मजबूती से खड़ी रही सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों की श्रेणी के तहत उनके पति के निधन के बाद उन्हें जमीन देने की पेशकश की लेकिन हजारा बीवी ने बड़ी ही विनम्रता से जमीन लेने से इनकार कर दिया और कहा कि वह नहीं चाहती कि उनकी देशभक्ति का मूल्य संपत्ति के माध्यम से तोला जाए इसके अलावा उन्होंने अपने



पति के द्वारा किए गए वादों को निभाने के लिए अपने परिवार की जमीन भी एक विनय आश्रम को दान कर दी अपने पति के निधन के बाद भी वह व्यापक संघर्ष के लिए समर्पित थी हज़ारा बीवी ने अपने पति के बाद अपने बच्चों के साथ खादी की दुकान चलाई एवं आखरी सांस तक खादी ही पहनी। 16 जून 1994 को हजारा बीवी स्माइल का तेनाली में निधन हो गया वह एक महान एवं समर्पित खादी कार्यकर्ता रही।

# मौलवी सैयद अलाउद्दीन 1857 की क्रांति के फ्रीडम फाइटर

सैयद अलाउद्दीन हैदर जिन्हें मौलवी अलाउद्दीन के नाम से भी जाना जाता है, उनका जन्म हैदराबाद राज्य 1824 में हुआ था। उनके पिता का नाम हफ़ीज़ुल्ला था। सैयद अलाउद्दीन ब्रिटिश भारत में मक्का मस्जिद के एक उपदेशक और इमाम थे । उन्हें 17 जुलाई 1857 को हैदराबाद रियासत में स्थित ब्रिटिश रेजीडेंसी पर हमले का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है । यह हमला 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान हुआ था । उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सेलुलर जेल (जिसे काला पानी भी कहा जाता है ) में सजा सुनाए जाने और निर्वासित किए जाने वाले पहले कैदी के रूप में माना जाता है। 17 जुलाई को मौलवी अलाउद्दीन और तुर्रेबाज़ खान के नेतृत्व में लगभग 500 लोगों ने मक्का मस्जिद से ब्रिटिश रेजीडेंसी तक विरोध मार्च निकाला । प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप धारण कर लिया और रेजीडेंसी



पर हमला कर दिया। ब्रिटिश सेना ने गोलीबारी की। प्रदर्शनकारियों ने कुछ घंटों तक जवाबी हमला किया, लेकिन उसके बाद उन्हें पीछे हटना पड़ा। तुर्रेबाज़ खान को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि मौलवी अलाउद्दीन भागने में सफल रहे। बाद में उन्हें पकड़ लिया गया और सेलुलर जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। 28 जून 1859 को उन्हें हैदराबाद से बाहर भेज दिया गया। रेजीडेंसी पर हमले के दौरान गोली लगने से मौलवी का दाहिना हाथ लकवाग्रस्त हो गया था। उनके कंधे और माथे पर तलवार के घाव भी थे। मौलवी ने खराब स्वास्थ्य और अच्छे आचरण के आधार पर रिहा किए जाने के लिए बार-बार अनुरोध किया, लेकिन इन्हें अस्वीकार कर दिया गया। 1889 में किसी समय उनकी मृत्यु हो गई।

# इस्लाम में माँ-बाप का मुक़द्दस मक़ाम

आज की दुनिया में इंसान तेज़ी से खुदगर्ज़ बनता जा रहा है। हर कोई अपने लिए सोचता है, अपने लिए दौड़ता है, और बहुत बार इस भागदौड़ में वो अपने सबसे अज़ीज़ रिश्तों को भूल जाता है, माँ-बाप को। लेकिन इस्लाम एक ऐसा मज़हब है जो इंसान को सिखाता है कि सबसे पहले उन लोगों की कद्र करो जिन्होंने तुम्हें दुनिया में लाने का ज़रिया बनाया यानी तुम्हारे माँ-बाप।

**क़ुरान की रौशनी में माँ-बाप का दर्जा**

**क़ुरान पाक में अल्लाह तआला फरमाता है:**

"तुम्हारे रब ने हुक्म दिया है कि उसके सिवा किसी की इबादत ना करो और माँ-बाप के साथ अच्छा बर्ताव करो। अगर उनमें से कोई एक या दोनों बुढ़ापे को पहुँच जाएँ तो उनको 'उफ़' तक ना कहो और ना ही उन्हें झिड़को, बल्कि उनसे नरमी से बात करो।": (सूरह बनी इस्राईल 17:23)

ये आयत हमें बताती है कि माँ-बाप के साथ कैसा सुलूक करना चाहिए चाहे वो बुढ़ापे में हों या जवान, हमें उनसे नर्मी से पेश आना चाहिए।

**हदीसों में माँ-बाप का ज़िक्र**

पैगंबर हज़रत मुहम्मद ने फरमाया: "जन्नत माँ के कदमों के नीचे है।" (मुस्लिम)

इसका मतलब ये है कि अगर इंसान अपनी माँ की खिदमत करता है, उसकी इज़्ज़त करता है, तो जन्नत उसका इनाम हो सकती है।

एक और हदीस में आया है: "जिसने अपने माँ-बाप में से किसी एक को या दोनों को बुज़ुर्गी की उम्र में पाया और फिर भी (उनकी खिदमत करके) जन्नत हासिल ना कर सका, तो उस पर अफ़सोस है।"

यहाँ साफ़ कहा गया है कि माँ-बाप की खिदमत करने का मौका मिलना एक नेमत है और अगर इंसान इसे गँवा दे, तो उस से ज़्यादा बदनसीब कोई नहीं।

**माँ-बाप का हमारे जीवन में किरदार**

माँ-बाप ही वो लोग होते हैं जो हमारी परवरिश करते हैं। जब हम कुछ नहीं जानते, न चलना आता है, न बोलना वही हमें हर चीज़ सिखाते हैं। माँ हमें दूध पिलाती है, बुख़ार में रात-रात जागती है, और बाप धूप में मेहनत करके हमें रोटी खिलाता है। क्या ऐसे लोगों को भूल जाना इंसानियत है?

माँ-बाप की दुआ और अहमियत कहते हैं कि माँ-बाप की दुआओं में बहुत ताक़त होती है। वो दिल से दुआ देते हैं, और अल्लाह उनकी दुआओं को जल्दी कबूल करता है। एक बाप की खामोश मेहनत और एक माँ की ममता, बच्चे की तरक्की की नींव होती है।

**आज का दौर और माँ-बाप की अहमियत**

आजकल की दुनिया में सोशल मीडिया, वीडियो गेम्स और भागदौड़ ने बच्चों को माँ-बाप से दूर कर दिया है। बच्चे मोबाइल में मशगूल रहते हैं, और माँ-बाप तन्हा रह जाते हैं। कई बुज़ुर्ग माँ-बाप तो ऐसे भी हैं जिनकी देखभाल कोई नहीं करता। उन्हें ओल्ड एज होम में छोड़ दिया जाता है ये अफ़सोसनाक सूरत-ए-हाल है। इस्लाम इस रवैये को सख़्त नापसंद करता है। इस्लाम कहता है कि जैसे तुम्हारे माँ-बाप ने तुम्हारी परवरिश की, वैसे ही तुम उनके बुढ़ापे में उनकी सेवा करो।

**माँ-बाप के साथ अच्छा सुलूक करें**

नर्मी से बात करें, कभी ऊँची आवाज़ में ना बोलें।

वक़्त दें, मोबाइल से ज़्यादा ज़रूरी उनके साथ बैठना है।

दुआ करें, हमेशा उनकी सलामती की दुआ माँगें।

उनकी खिदमत करें, उनके लिए खाना बनाना, दवाई देना, साथ बैठना ये सब इबादत का दर्जा रखता है।

शुक्रगुज़ार बनें, हमेशा एहसानमंद रहें कि उन्होंने आपको इतनी मेहनत से बड़ा किया।

# एक हिकायत अयाज़ की

मौलाना रूमी रह. अ. ने अपनी मसनवी शरीफ में एक वाकिआ लिखा है कि अयाज़ नाम का एक बहुत गरीब शख़्स था, महमूद बादशाह ने उसके अच्छे व आला अखलाक के सबब उसको अपना महबूब और मुकर्रब बना लिया था, लेकिन अयाज़ जिस दिन शाह महमूद के यहाँ हाज़िर हुवा था तो उस दिन उसके पास सिर्फ एक पुरानी गुदड़ी थी और एक पुरानी खाल थी,

जिसको अयाज़ ने हुजरे (कमरे) में ताला डाल कर रखा था, और हर रोज़ अकेला उस हुजरे में जाता और अपनी गुदड़ी को देखता और अपने नफ्स को मुखातिब करके यह कहता था कि ए अयाज़ एक वो दिन था कि इसी बोसीदा (फटी पुरानी) गुदड़ी में तू यहां आया था और आज तू बादशाह का खास (मुकर्रब) नजदीकी बना हुआ है। देख अपनी हकीकत को मत भूलना, तुझ पर शाह की नज़रे इनायत बहुत है, नाज़ और तकब्बुर (घमन्ड) में मुब्तला ना होना, बल्कि यह शुक्र का मक़ाम है, कि यही गुदड़ी पहनने वाला आज सुल्तान का महबूब व मुकर्रब बना हुआ है।

जिससे आज तमाम वुज़रा और हुक्मरा लरज़ते (डरते) हैं और कांपते हैं। रफ़्ता-रफ्ता यह खबर आम हुयी यानि सारे मुल्क में फैल गयी। तमाम वुजरा व हुक्मरानों को पहले से ही अयाज़ से हसद व जलन थी कि एक मामूली गरीब आदमी आज हम सबसे आगे निकल गया कि इस से बढ़कर शाह महमूद का कोई मुकर्रब, नज़दीकी और महबूब नहीं है। हसद व जलन रखने वाले आपस में बातें बनाने लगे कि अयाज़ रोज़ अकेला हुजरे में जाकर क्या करता है? और हुजरे पर हर वक्त ताला क्यों डाले रखता है।

हो न हो यह खुफिया-खुफिया (छुपा-छुपाकर) शाही खज़ाने से माल व दौलत चुरा-चुरा कर जमा कर रहा है, बस सुल्तान को इसकी इस हरकत की खबर करनी चाहिये ताकि अयाज़ की सुल्तान से यह नज़दीकी और तकर्रूब खत्म हो जाये और सुल्तान का गज़ब व गुस्सा नाज़िल हो और सुल्तान को उससे नफरत हो जाये।

बस तमाम वज़ीरों और हुक्मरानों ने आपसी मश्वरे के बाद सुल्तान "महमूद को खबर दी कि अयाज़ गन्दमनुमा जो फरोश है यानि दौलत का भूखा व लालची किस्म का इन्सान है। वो आपका सच्चा आशिक नहीं है मुनाफिक है। इसने खज़ाने शाही से चुराकर अपने खास हुजरे में सीमोज़र (चांदी व सोना) जमा कर रहा है।

सुल्तान महमूद को अयाज़ के मुताल्लिक ऐसी हरकत का गुमान तक भी न हुआ, लेकिन अराकीन पर हुज्जत तमाम करने के लिये और अयाज़ का मकामे मोहब्बत और उसकी सदाकत ज़ाहिर करने के लिये हुक्म नाफ़िज़ कर दिया कि आधी रात को अयाज़ के हुजरे की तलाशी ली जाये, अराकीन सलतनत बडे खुश हुये कि आज रात में अयाज़ की कलई खुल जायेगी, और उसका बादशाह से तकर्रुब खत्म हो जायेगा।

चुनाचे आधी रात को उस के हुजरे का ताला तोड़ा गया, और हुक्कामे सल्तनत ने हुजरे के अन्दर तलाशी ली, लेकिन सिवाय एक पुरानी गुदड़ी और बोसीदा पोसतीन (फटी पुरानी खाल) के हुजरे में कुछ ना था और हासेदीन (जलने वालों) ने हुजरे की ज़मीन भी इस शुबे में खोदी कि शायद सोना,चांदी व मालो दौलत गाड़ या छुपा रखा हो और गुदड़ी को धोका देने के लिये टांग रखा हो। बिल आखिर तलाशी लेने वाले हुक्काम तहार्दस्त (खाली हाथ) और नामुराद सुल्तान महमूद की खिदमत में हाज़िर हुये, और बहुत ही शर्मिन्दगी और खिसयाने होकर माफ़ी तलब करने लगे।

सुल्तान महमूद पर उस वक्त अयाज़ की मोहब्बत का एक हाल गुलिब हो गया और उसकी मोहब्बत में सरशार होकर उसने अयाज़ से पूछा, ऐ अयाज़ इस कदर एहतमाम से इस गुदड़ी और पोस्तीन बोसीदा को हुजरे में क्यों ताला डाल कर रखा है? अयाज ने अर्ज किया कि हुजूर में हर रोज़ अपनी इस गुदड़ी और पोसतीन बोसीदा को देख कर इबरत हासिल करता हूं, और अपने नफ्स से कहता हूँ कि ऐ अयाज़ तेरी यह तमाम नेमतें, इज़्ज़त व शानो शोकत सब सुल्तान महमूद की दी हुयी हैं वरना ऐ अयाज़ तेरी हकीकत एक दिन यही गुदड़ी और बोसीदा पोस्तीन थी।

इस वाकिये से मुतास्सिर होकर मौलाना बतौर इबरत व नसीहत फरमाते हैं कि ऐ लोगो तुम्हारी हकीकत भी एक गन्दा पानी जो कपड़ों पर लग जाये तो कपड़ा धोना ज़रूरी हो जाये, के जलील कतरे की सी है।

फिर जिस ज़ात ए पाक ने अपनी कुदरत से और अपनी अताए कामिल से इस गन्दे कतरे को इन्सानियत और आदमियत की पोशाक इनायत फरमाई व बख़्शी है। आज उसी जाते पाक के मुकाबले में खुदाई का दावा करते हो।

मौलाना फरमाते हैं कि अयाज़ की तरह एक दिन शुरू में वो दिन बीते हुए हैं कि तेरी गुदड़ी बाप का एक कतरा नजिस पानी का यानी नुतफ़ा था और तेरी पोसतीन बोसीदा माँ का खून यानी हेज़ था। बाकी आज तू जिस खूबसूरत शक्ल व सूरत में नज़र आता है यह तेरे बातनी न जाहिरी आज़ा (जिस्म के हिस्से) और उनकी अनमोल ताकतें सबक खुदा तआला की अता की हुई हैं।

इनसान के यह सारे उलूमो फुनून किस काम के जब इन्सान अपनी हकीकत को भी ना जान सके, और अपने पैदा करने वाले को ना पहचान सके।

मौलाना आरिफ रूमी रह. अ. फ़रमाते हैं कि सैंकड़ों उलूमो-फुनून उसने हासिल किये लेकिन यह ज़ालिम खुद अपनी जान से बेखबर रहा, तमाम उलूम की रूह सिर्फ यह है कि आदमी यह जान ले कि कल क्यामत के दिन अल्लाह तआला के सामने हमारी क्या कीमत होगी। अगर इन्सान अपनी पैदाइश पर गौर करता रहे और अपनी इब्तेदायी गुदड़ी और पोसतीन पर नज़र रहे, तो नाज़ व तकब्बुर पास नहीं आ सकता और अपने अल्लाह को पहचान लेगा, यानी जब सोचेगा कि हम हकीर शै से पैदा किये गये है तो अपने नाज़ व तकब्बुर से खुद ही शर्मा जाएगा।

कुरआन ए हकीम में है कि और खुद तुम्हारी जात में मेरी (यानी अल्लाह की निशानियां मौजूद हैं सो क्या तुम्हें दिखाई नहीं देता" अपने वजूद को लिये हुये हर वक्त चलते फिरते रहते हो, आखिर तुम कहां से सुनते हो, यह तमाम कारखाने किस के बनाये हुये हैं। हक ताला हम सब को अपनी तखलीक पर और अल्लाह तआला की बनायी हर मखलुक पर गौर करने की समझ अता फरमाये। आमीन

**हबीबुल्ला एडवोकेट, जवाहरनगर, जयपुर (माखूज किताब मारेफत इलाहीया)**

मुस्लिम रिश्ते

**रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -**

**मोबाइल: 9772552446, 9799559096**

मुस्लिम पठान खूबसूरत लड़की 33/154 सेमी./एम.ए. (इंग्लिश लिटरेचर)/ प्राइवेट कम्पनी में कार्यरत/ दीनी तालीम याफ़्ता, घर के कामों में दक्ष। वालिद प्राइवेट कम्पनी से रिटायर्ड, जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली। सुयोग्य पढ़ा-लिखा, सर्विस क्लास/ बिजनेसमेन लड़का चाहिए। इच्छुक संपर्क करें- 9672079550

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

Muslim Qureshi Caste Girl 34/5.6"/ Ph.D (Business Management)/MBA (HR & Marketing)/At present an Assistant Professor/Namazi and well versed in Quran. Jaipur based reputed family. Father Businessman. Seeking an educated Sunni Muslim religious boy from reputed family. Interested person contact: 9314966151

चूरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम पठान खान, दीनी तालीम याफ़्ता लड़की 24/5.2"/ एम एस सी (फिजिक्स)/ रंग फेयर, बैंक एग्जाम की तैयारी कर रही है, हेतु सुयोग्य पढ़े - लिखे, सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे - मोबाइल: 97851 62654

30/5.3"/ पोस्ट ग्रेजुएट व 27/5.3"/ ग्रेजुएट / दीनी तालीम याफ़्ता, नमाज़ी/ जयपुर निवासी रेप्यूटेड फैमिली। दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम सैयद युवकों के लिए खूबसूरत, ग्रेजुएट , घर के काम में दक्ष अच्छे घराने की लड़कियां चाहिए। इच्छुक व्यक्ति लड़कियों का बायो डाटा व्हाट्सएप करें - 97995 59096

सैयद मुस्लिम युवती 23/5.5"/ बी ए/खूबसूरत, गृह कार्य में दक्ष व दीनी तालीम याफ़्ता सवाई माधोपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु खूबसूरत, दीनदार, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन प्रतिष्ठित फैमिली के युवक की आवश्यकता है। संपर्क करें - +91 96369 22143

29 Years Old MBBA Doctor, Working in Dehli , Kota Based Family,Needs MBBS Girls. Contact - 9829068455

Kota Based, 31/5.3/B.tech, PG Diploma in Banking, MBA in Finance, BSTC, Experience 3 years in ICICI Bank [Special Officar], Sunni Muslim Rangrez Girl. Father - Princeipal, Mother- House Wife, One Younger brothers. Required Educated, Honest life Partner Contact – 9829068455

## राजस्थान उच्च न्यायालय कार्यालय चपरासी भर्ती 2025 - 5670 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

राजस्थान उच्च न्यायालय भर्ती 2025 में कार्यालय चपरासी के 5670 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 10वीं पास उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन 27-06-2025 को शुरू होगा और 26-07-2025 को बंद होगा। उम्मीदवार राजस्थान उच्च न्यायालय की वेबसाइट hcraj.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**पद का नाम:**
चपरासी
नॉन टीएसपी क्षेत्र: 5410 पद
टीएसपी क्षेत्र: 260 पद

**आयु सीमा :**
(01.01.2026 को 18 से 40 वर्ष ) [आरक्षित उम्मीदवारों के लिए छूट लागू है]: 02.01.1986 से पहले और 01.01.2008 के बाद न जन्मे हों (दोनों तिथियां सम्मिलित हैं)

**योग्यता:**
मैट्रिकुलेशन (10वीं) उत्तीर्ण + राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

**फीस:**
सामान्य उम्मीदवारों के लिए 650/- रुपये, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 550/- रुपये और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए 450/- रुपये। फीस का भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना चाहिए।

**चयन प्रक्रिया:**
राजस्थान उच्च न्यायालय (HCRAJ) भर्ती 2025 में चपरासी के पदों के लिए चयन नीचे दिए गए आधार पर किया जाएगा:
लिखित परीक्षा
साक्षात्कार
दस्तावेज़ सत्यापन
चिकित्सा परीक्षण

**वेतनमान:**
रु. 17700 – रु. 56200/-

**महत्वपूर्ण तिथियां:**
प्रारंभ तिथि: 27.06.2025
समापन तिथि: 26.07.2025 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
भुगतान की अंतिम तिथि: 27.07.2025

**आवेदन कैसे करें:**
योग्य/इच्छुक उम्मीदवार 27.06.2025 से 26.07.2025 तक - 05:00 बजे तक नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करके आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को अपना भरा हुआ आवेदन पत्र संबंधित विभाग को भेजने की आवश्यकता नहीं है।
अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक विवरण ध्यानपूर्वक पढ़ें।
नीचे दिए गए ऑनलाइन आवेदन लिंक पर क्लिक करें
आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरें

## राजस्थान उच्च न्यायालय चालक भर्ती 2025 - 58 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

राजस्थान उच्च न्यायालय चालक भर्ती 2025 राजस्थान उच्च न्यायालय चालक (चालक) में 58 पद के लिए ऑनलाइन फॉर्म 2025 नवीनतम रिक्ति चालक की भर्ती पद वे उम्मीदवार इच्छुक हैं और सभी पात्रता पूरी करते हैं राजस्थान उच्च न्यायालय आरएचसी चालक आवेदन पत्र (राजस्थान उच्च न्यायालय) परीक्षा भर्ती 2025 के लिए भर्ती विवरण के बारे में जांचें महत्वपूर्ण तिथियां आवेदन कैसे करें आवेदन पत्र भरने के चरण रिक्ति विवरण नीचे दिया गया है

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**
आरंभ तिथि: 18 जून 2025
अंतिम तिथि: 07 जुलाई 2025 शाम 5 बजे तक ही
शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि: 08 जुलाई 2025
एडमिट कार्ड डाउनलोड करें: बाद में सूचित किया जाएगा
**परीक्षा तिथि:** बाद में सूचित की जाएगी

**आवेदन शुल्क:**
सामान्य/अन्य राज्य: 750/-
ओबीसी एनसीएल / ईबीसी एनसीएल / ईडब्ल्यूएस: 600/-
एससी/एसटी: 450/-
भुगतान केवल ऑनलाइन, क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना चाहिए।

**आयु सीमा:**
(आयु गणना – 01 जनवरी 2026)
न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष
(भर्ती नियमों के अनुसार आयु में छूट अतिरिक्त)

**पद का नाम :** ड्राइवर (चालक)
**कुल पोस्ट :** 58

**पात्रता :**
किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12वीं (इंटरमीडिएट) परीक्षा उत्तीर्ण और
वैध एलएमवी/ परिवहन वाहन लाइसेंस के साथ 03 वर्ष का अनुभव

**आवेदन करें :**
राजस्थान उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट https://hcraj.nic.in खोलें।
अब, लिंक पर क्लिक करें और राजस्थान उच्च न्यायालय ड्राइवर रिक्ति 2025 का चयन करें।
मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और अन्य बुनियादी विवरण का उपयोग करके पंजीकरण करें ।

## DRDO में साइंटिस्ट बी के 148 पदों पर भर्ती

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी DRDO में 148 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार NATS की ऑफिशियल वेबसाइट rac.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू -**
7 जून से 27 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री, बीई, बीटेक की डिग्री

**एज लिमिट :**
यूआर, ईडब्ल्यूएस : 35 साल
ओबीसी : 38 साल
एससी, एसटी : 40 साल
पीडब्ल्यूबीडी : उम्र में 10 साल की छूट दी जाएगी

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
गेट स्कोर
पर्सनल इंटरव्यू

**सैलरी :**
56,100 रुपए प्रतिमाह
इसके अलावा एचआरए और अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**फीस :**
यूआर, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस (पुरुष) : 100 रुपए
एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, महिला : निःशुल्क

**ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rac.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर करियर सेक्शन पर क्लिक करें।
अप्लाई लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।

## भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन में 10वीं, 12वीं पास के लिए भर्ती



भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड में जूनियर एग्जीक्यूटिव और एसोसिएट एग्जीक्यूटिव समेत कई पदों पर भर्तियां निकली हैं। उम्मीदवार बीपीसीएल की ऑफिशियल वेबसाइट bharatpetroleum.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
28 मई से 27 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
जूनियर एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग): मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल या केमिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।
एसोसिएट एग्जीक्यूटिव (इंजीनियरिंग): संबंधित स्ट्रीम में बी.टेक/बीई/बीएससी (इंजीनियरिंग)
जूनियर एग्जीक्यूटिव (अकाउंट्स): ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ इंटर सीए या इंटर सीएमए।
एसोसिएट एग्जीक्यूटिव (क्वालिटी एश्योरेंस): ऑर्गेनिक, फिजिकल, इन ऑर्गेनिक या एनालिटिकल केमिस्ट्री के साथ एम.एससी (केमिस्ट्री) की डिग्री।
सेक्रेटरी : 10वीं और 12वीं कक्षा पास और ग्रेजुएशन डिग्री।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 30 साल
अधिकतम : 35 साल
ओबीसी, एससी और एसटी समेत आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट्स : सरकारी नियमानुसार उम्र सीमा में छूट दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
उम्मीदवारों को योग्यता और अनुभव के बेसिस पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। उसके बाद रिटन एग्जाम होगा। फिर केस-आधारित डिस्कशन, ग्रुप टास्क और पर्सनल इंटरव्यू होगा।

**सैलरी :**
जूनियर एग्जीक्यूटिव: 30,000 - 1,20,000 रुपए प्रतिमाह (11.86 लाख सालाना)
एसोसिएट एग्जीक्यूटिव: 40,000 - 1,40,000 रुपए प्रतिमाह (16.64 लाख सलाना)

**फीस :**
यूआर, ओबीसी, एनसीएल, ईडब्ल्यूएस : 1000 + 180 जीएसटी
एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी : निःशुल्क

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट bharat-petroleum.in पर जाएं।
होमपेज पर दिए गए 'BPCL भर्ती 2025' लिंक पर क्लिक करें.
अब आवेदन फॉर्म में अपनी जरूरी जानकारी भरें.

## छत्तीसगढ़ व्यापम में 430 पदों पर भर्ती, 12वीं पास करें अप्लाई

छत्तीसगढ़ व्यापम में एक्साइज कॉन्स्टेबल के 400 से ज्यादा पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट vyapamprofile.cgstate.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जाएगा।

**आवेदन शुरू :**
09 जून से 30 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
12वीं पास

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 40 साल
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को उम्र में छूट दी जाएगी

**सैलरी :**
18,000 – 56,900 रुपए प्रतिमाह

**फीस :**
सामान्य : 350 रुपए
अन्य पिछड़ा वर्ग : 250 रुपए
अनुसूचित जाति, जनजाति : 200 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
एग्जाम के बेसिस पर

**ऐसे करें आवेदन**
ऑफिशियल वेबसाइट vyapamprofile.cgstate.gov.in पर जाएं।
'ऑनलाइन एप्लिकेशन' पर क्लिक करें।
अप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करें।

## UPSC की 462 भर्ती के लिए आवेदन शुरू

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (UPSC) ने 400 से अधिक पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

इस भर्ती के अंतर्गत असिस्टेंट डायरेक्टर, डिप्टी सुपरिटेंडेंट हॉर्टिकल्चरिस्ट, डिप्टी आर्किटेक्ट, कंपनी प्रॉसिक्यूटर, स्पेशलिस्ट ग्रेड III असिस्टेंट प्रोफेसर, डिप्टी असिस्टेंट डायरेक्टर (नॉन-मेडिकल), डिप्टी सेंट्रल इंटेलिजेंस ऑफिसर (टेक्निकल), मेडिकल फिजिसिस्ट, साइंटिस्ट 'बी' (जियोलॉजी), डिप्टी डायरेक्टर, और जूनियर माइनिंग जियोलॉजिस्ट जैसे पद भरे जाएंगे।

**आवेदन शुरू :**
14 जून से 3 जुलाई 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, बीई, बीटेक, एमबीबीएस, डीएनबी, एमफिल, पीएचडी, एमएस, एमडी, एमसीएच, डीएम की डिग्री

**सैलरी :**
लेवल - 8 के अनुसार

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 30 साल
अधिकतम : 45 साल
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट दी जाएगी।

**फीस :**
जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, पुरुष उम्मीदवार : 25 रुपए
अन्य सभी : निःशुल्क

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
इंटरव्यू

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाएं।
होम पेज पर दिए गए वन टाइम रजिस्ट्रेशन टैब पर क्लिक करें।
मोबाइल नंबर, मेल आईडी आदि दर्ज कर रजिस्ट्रेशन करें।
मांगे गए डाक्यूमेंट्स अपलोड करें।


## हेल्पर स्टाफ एवं कारीगर की आवश्यकता

1 कचोरी/समोसे और छोले बनाने के लिए महिला या पुरुष कारीगर स्टाफ, की जरूरत है।
2 कस्टमर को कचोरी देने वाले हेल्पर स्टाफ की जरूरत है।
3 रसोईया / पकईया स्टाफ चाहिए। 4 घर बैठे कचोरी बनाने वाली महिला स्टाफ की जरूरत है (Work From Home)
जॉब लोकेशन : रामगंज / छोटी चौपड़ जयपुर
सैलरी : काम और स्वाद देखने के बाद डिसाइड की जाएगी
नोट : कारीगर/स्टाफ चाहे तो अपने घर पर बैठकर भी काम कर सकता हैं, स्टाफ परकोटे का ही चाहिए। अजमेर की फेमस कड़ी-कचोरी की ब्रांच जयपुर में खुलने जा रही है। इसके लिए इन्वेस्टर और पार्टनर की जरूरत है। कान्टैक्ट : इरफ़ान अख्तर 98287-33222

रॉयल पत्रिका

**जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप्ट राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है तथा बीजेएमसी के छात्र-छात्राएं इंटर्नशिप हेतु संपर्क करें। । वेतन योग्यतानुसार ।**

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें - संपादक, रॉयल पत्रिका, मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड, रामगंज बाज़ार, जयपुर 302002**

**मोबाइल: 8058969180/9799559096**

## आवश्यकता

## 'खान साहब' के यहां पर टिफिन सेंटर के लिए स्टाफ की जरूरत

खाना बनाने व ऑफिस की साफ-सफाई (15-20 मिनिट्स) के लिए महिला / पुरुष हेल्पर स्टाफ की जरूरत है ।
जॉब लोकेशन : नियर मुक्ति मार्ग आदर्श नगर/ MD रोड़ जयपुर
ड्यूटी महज 7 से 9 घंटे की है। सैलरी : 12 से ₹ 15,000 तक + दोनों वक्त का खाना फ्री ओवरटाइम की सुविधा उपलब्ध है।
Mob - 9828733222

**. हमारे ऑफिस में बुजुर्ग गार्ड स्टाफ की जरूरत है**
**जॉब लोकेशन: Limra फाउंडेशन आदर्श नगर जयपुर**
**सैलरी. : 8 से ₹ 9,000**
**सुकून से बैठना है, आने जाने वालों की एंट्री करनी है पानी की मोटर चलानी है**
**Call इरफान अख्तर 9828733222**
**कभी-कभी नाइट ड्यूटी भी रहती है नाइट ड्यूटी में रात को 12:00 बजे से लेकर सुबह 6:00 बजे तक सो सकते हैं**

**हेल्पर स्टाफ की जरूरत है जिन्हें लोहे का काम आता हो या पावर प्रेस का काम आता हो**
**कांटेक्ट करें : +91 90018 76353**
**सैलरी काम देखने के बाद में डिसाइड की जाएगी !**
**इदरीश अहमद साहब ईदगाह दिल्ली रोड जयपुर**

कोई अनाथ, बेवा, बेसहारा, सिंगल मदर, विधवा, डिवोर्सड औरत हो, (जिनकी घर की टोटल आमदनी 15 हजार से ज्यादा ना हो) जो हकीकत आगे बढ़ना चाहती हो, लिमरा फाउंडेसन् के दरवाजे आपके लिए खुले है, आप आये, आपको ₹22,499 का ई कॉमर्स कोर्स बिल्कुल फी-सबी लिल्लाह (निशुल्क) कोर्स करवाया / सिखाया जायेगा, और आपको आमदनी / जॉब भी दिलाई जायेगी इंशा अल्लाह, ये खिदमत सभी धर्मो के लिए है
Call @ Irfan Akhtar (HR Head - Career Expert)
Limra Foundation
Adarsh Nagar/सांगानेर Jaipur
98287 33222 / 9079698667

**काठी रोल, वेज और नॉनवेज रोल बनाने के लिए स्टाफ की जरूरत है**
**सैलरी : ₹15000 + रहना + खाना फ्री हैं**
**टेक अवे है कस्टमर नहीं आते हैं , ओन्ली स्विग्गी और जोमैटो ऑर्डर जाते हैं**
**साथ में वेज कबाब, सीख कबाब बनाने वाले स्टाफ की भी जरूरतहै**
**@HR Irfan Akhtar 9828733222**

**बैक ऑफिस /ऑफिस कोऑर्डिनेटर**
**महिला स्टाफ की जरूरत है**
**Salary :- - 13 हजार से 16 हजार तक**
**Location - सोडाला- सी स्कीम - नंदपुरी स्वेज फार्म**
**HR -: सिमरन हयात 94607 44122**
*** HR इरफान अख्तर 98287 33222**

**Need Female Coordinator Staff /Office Manager for A Gym ( English is Must )**
**Job location Veshali Nagar - Jaipur**
**Call to HR -Irfan Akhtar -98287-33222**
**Limra Foundation- Jaipur**

**Need 3 Graphic Designer In Sitapura**
**Male /Female Both Can Apply**
**Salary - 25k (Total 35k-40K)**
**Food + Living - 10k Extra**
**HR - Irfan 9828733222**


# रोजगार के नये अवसर....

## *-वस्त्र रसायन : टेक्सटाइल केमिस्ट्री में बी. टेक.*

रंगों के बिना दुनिया का आनंद अधूरा है। बिना रंगों के दुनिया में कोई भी वस्तु नहीं सुहाती है। जहाँ तक वस्त्रों की बात है, जो कि हमारे व्यक्तित्व में चार चाँद लगाते हैं; रंग-बिरंगे ही सुहाते हैं। वस्त्र तकनीकी तंतु से वस्त्र बनाने का कार्य बताती है, वस्त्र अभियांत्रिकी इससे संबंधित मशीनरी का कार्य बताती है; लेकिन वस्त्रों को विभिन्न रंगों में रंगने, आकर्षक डिजाइनों में छापने और उनकी प्रकृतिजन्य और मिलाई गई अशुद्धियों को दूर कर पहनने लायक बनाने तथा विशेष कार्य (अग्निरोधक, जलरोधक, मुलायम आदि) के लिये तैयार करने का कार्य वस्त्र रसायन (टेक्सटाइल केमिस्ट्री) करती है।

इंजीनियरिंग की इस शाखा का राजस्थान प्रदेश का एकमात्र कॉलेज माणिक्यलाल वर्मा टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज है, जो भीलवाड़ा जिले में भीलवाड़ा-उदयपुर राजमार्ग पर भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन से लगभग 2 किलोमीटर दूर पांसल चौराहे (महाराणा प्रताप चौराहा) पर स्थित है। इस कॉलेज में टेक्सटाइल केमिस्ट्री की बीस सीटें सरकार से अनुदानित (शासकीय) हैं, जबकि बीस ही स्ववित्तपोषित (प्राइवेट) हैं। योग्य छात्रों को विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियाँ भी मिलती हैं।

**प्रवेश के लिये योग्यताएँ:**
इस शाखा में प्रवेश के लिये अनिवार्य योग्यताओं में छात्र को 12वीं कक्षा भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित अथवा जीवविज्ञान के साथ पास होना जरूरी है। गणित की अनिवार्यता हटा देने से 12वीं कक्षा साइंस-बायोलॉजी से उत्तीर्ण करने वाले छात्र तथा जिन छात्रों का REAP 2025 (रीप 2025) के द्वारा कहीं भी प्रवेश नहीं हो पा रहा है, उनके लिये इंजीनियरिंग की इस शाखा में प्रवेश लेकर बी. टेक. करने का सुनहरा मौका है। इसमें फॉर्म 28 मई 2024 से भरे जायेंगे तथा 30 जून 2025 अंतिम तिथि है। प्रवेश की पूरी प्रक्रिया की जानकारी reap2025.com से ली जा सकती है।

इसके अलावा हथकरघा प्रौद्योगिकी, वस्त्र तकनीकी, वस्त्र अभियांत्रिकी अथवा वस्त्र रसायन में तीन साल का डिप्लोमा प्राप्त छात्रों को सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश मिलता है।

**रोजगार के अवसर:**
किसी भी विधा में प्रवेश लेकर समय, श्रम और धन व्यय करना तभी सार्थक समझा जाता है जब उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को एक तय समय सीमा में रोजगार मिले। अक्सर यह समझा जाता है कि इस विषय में डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने से केवल निजी क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर हैं, लेकिन ऐसा केवल जानकारी के अभाव में ही कहा जा सकता है। वास्तव में तो ऐसे अनेकानेक क्षेत्र हैं, जिनमें वस्त्र रसायन में डिग्री करने वाले व्यक्तियों को रोजगार मिलता रहा है और आगे भी मिलेगा, बस हमें उसकी जानकारी नहीं होती है।

**प्रमुख संस्थान जहां रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं:**
- केन्द्रीय सिल्क बोर्ड
- भारतीय कपास निगम
- केन्द्रीय कपास अनुसंधान केंद्र
- जूट तकनीकी संस्थान, कोलकाता
- केन्द्रीय टसर रिसर्च एवं ट्रेनिंग संस्थान, भागलपुर (बिहार)
- केन्द्रीय ऊन अनुसंधान केंद्र, जोधपुर
- सेन्ट्रल कॉयर बोर्ड
- केन्द्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान केंद्र, अविका नगर (मालपुरा और बीकानेर)
- टेक्सटाइल कमेटी
- DRDO का पैराशूट डिविजन, आगरा
- BIS आदि केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के संस्थान

भारतीय सेना के लिये कपड़े बनाने वाली आयुध वस्त्र निर्माणियाँ (जो अवड़ी, शाहजहाँपुर और चेन्नई में स्थित हैं) में भी छात्र रोजगार पा सकते हैं। वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी पदों पर भी छात्र नौकरी पा सकते हैं।

इनके अलावा देश भर में विभिन्न राज्यों में स्थित टेक्सटाइल कॉलेजों में अध्यापन का कार्य भी कर सकते हैं, लेकिन इसके लिये समय-समय पर इनकी वेबसाइट को देखते रहना आवश्यक है।

इसके अलावा देशभर में हथकरघा प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा के 10 संस्थानों (वाराणसी, गौहाटी, सेलम, जोधपुर, गड़ग, वेंकटगिरि, कन्नूरी, चम्पा, बरगढ़ और फूलिया) में कहीं भी प्रवक्ता पद पर नौकरी पा सकते हैं। छात्र भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान, भदोही में भी रोजगार पा सकते हैं।

राज्य सरकार के संस्थानों की बात करें तो जिला उद्योग केंद्र में तकनीकी पदों पर विद्यार्थी नौकरी पा सकते हैं। राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण विभाग में कनिष्ठ



अभियंता, पर्यावरण के पद पर भी विद्यार्थियों ने नौकरियाँ पाई हैं।

इसके अलावा विभिन्न कॉलेजों में, जहाँ वस्त्र रसायन, टेक्सटाइल और क्लोदिंग (टेक्सटाइल एंड क्लोदिंग) चलती है, वहां तथा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवक्ता पद पर अध्यापन करवा सकते हैं। विगत वर्षों में इस ब्रांच से संबंधित पदों पर साधारण बी.एससी. या एम.एससी. पास व्यक्ति को ले लिया जाता था, लेकिन अब उन पदों के लिये बी. टेक. आवश्यक योग्यता कर दी गई है। डिग्री कॉलेजों में अध्यापन के लिये एम. टेक. की डिग्री चाहिये जो भी इस कॉलेज से बी. टेक. के बाद प्राप्त कर सकते हैं।

निजी क्षेत्र में आदित्य बिरला ग्रुप, रेमण्ड, दिग्जाम, अरविंद, रिलायंस, नाहर, वेलस्पन, ओसवाल, बीपीएल, मयूर सूटिंग्स, बिरला रिसर्च संस्थान का रेयॉन डिविजन आदि प्रसिद्ध ग्रुप हैं, जिनमें हमेशा ट्रेनी विद्यार्थियों की माँग बनी रहती है। विभिन्न प्रोसेस हाउसों में छात्र अपना अच्छा भविष्य बना सकते हैं। छात्र विभिन्न प्रकार के रंजकों और इस विधा से संबंधित रसायनों की मार्केटिंग और टेस्टिंग में भी रोजगार पा सकते हैं।

इस प्रकार टेक्सटाइल केमिस्ट्री में बी. टेक. के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में रोजगार के अच्छे अवसर मिलते हैं, बशर्ते छात्र थोड़े मेहनती हों और समय-समय पर संबंधित वेबसाइट्स को देखते रहें।

प्रवेश बाबत छात्र या अभिभावक अधिक जानकारी के लिये संपर्क कर सकते हैं:

**डॉ. श्याम सुंदर बैरवा**
**सहायक प्रोफेसर, टेक्सटाइल केमिस्ट्री**
**माणिक्यलाल वर्मा टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज, भीलवाड़ा – 311001**
**मोबाइल: 8764122431**

## फैट कम करने में मदद करते हैं गर्मियों के ये फूड्स

गर्मियों में वजन घटाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सही खानपान बेहद जरूरी है। इस मौसम में शरीर हल्का और सक्रिय महसूस करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म तेज हो सकता है। कुछ खास फूड्स ऐसे होते हैं, जो न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं, बल्कि फैट बर्निंग की प्रक्रिया को भी बढ़ाते हैं। पानी से भरपूर और पोषणयुक्त भोजन को अपनी डाइट में शामिल कर आप प्राकृतिक रूप से वजन कम कर सकते हैं। खीरा, तरबूज, नींबू पानी, दही और ग्रीन टी जैसे फूड्स शरीर को हाइड्रेट रखते हैं और फैट घटाने में मदद करते हैं। सही खानपान अपनाकर गर्मियों में हेल्दी और फिट रहना संभव है। क्या आप अपने डाइट प्लान पर काम कर रहे हैं?

**वजन कम करने में मददगार फूड्स**

**खीरा**
खीरा पानी से भरपूर होता है और इसमें कैलोरी बेहद कम होती है। इसे सलाद में शामिल करने से पेट भरा रहता है और भूख कम लगती है। इसमें फाइबर होता है जो पाचन को सुधारता है और कब्ज़ जैसी समस्याओं में राहत देता है। यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ डिटॉक्स भी करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

**तरबूज**
तरबूज 90 प्रतिशत पानी से बना होता है और यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसमें पानी और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और कब्ज़ से राहत दिलाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं, जिससे फैट कम करने में सहायता मिलती है।

**नींबू पानी**
गर्मियों में नींबू पानी न केवल ताजगी देता है, बल्कि यह फैट बर्निंग को भी बढ़ावा देता है। इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट्स पाचन तंत्र को मजबूत करते हैं। नींबू पानी पेट के एसिड को बैलेंस करता है, जिससे पाचन अच्छा होता है और गैस, कब्ज़ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है।

**दही**
दही प्रोबायोटिक्स से भरपूर होता है, जो पाचन को सुधारता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसके नियमित सेवन से वजन घटाने में मदद मिलती है। गर्मियों में दही खाना शरीर को ठंडक देता है और लू से बचाव करता है।

# अल-फ़लाह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 35 दिवसीय "दीनियात वेकेशन कोर्स" का समापन

## -300 छात्राओं को किया सम्मानित

**शब्बीर हुसैन**




कोटा, (रॉयल पत्रिका)। अल-फ़लाह एजुकेशनल एन्ड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शहर में 7 स्थानों पर दीनियात समर वेकेशन कोर्स का आयोजन किया गया। श्रीपुरा में ऐरो क्लासेज, वक़्फ़नगर में WPM स्कूल, बंजारा कॉलोनी में गरीब नवाज मदरसा व प्रोग्रेसिव कोचिंग, बजरंग नगर एवं बज़्मे अंसार स्टेशन, कंसुआ और चिल्ड्रन स्कूल छावनी में सेंटर बनाये गए।

प्रोग्राम कन्वीनर मुमशाद अहमद ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों का सही इस्तेमाल करने के लिये दिनियात वेकेशन कोर्स शुरू किया गया, जिसमें कक्षा 8 से कॉलेज तक पढ़ने वाली लड़कियों और घरेलू महिलाओं को प्रवेश दिया गया। प्रवक्ता मुजफ्फर राईन ने बताया कि इस वेकेशन कोर्स में अनुभवी महिला आलीमाओं द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बालिकाओं को दुआ,नात,कलमे, कुरआन पड़ने का तरीक़ा,हिज़ाब की अहमियत, मां बाप की फरामदारी आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

ट्रस्टी किफायत शेख ने बताया आज महफ़िल खाना,जंगलीशाह में इस कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमें 300 बालिकाओं को सर्टिफिकेट और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावते कुरआन से की गयी।

सभी सेंटर से आयी बालिकाओं ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर क़ाज़ी जुबैर अहमद, वक़्फ़ कमेटी के चेयरमैन सरफराज अंसारी, उपमहापौर सोनू कुरैशी, एडवोकेट अख्तर अकेला, मोईज उद्दीन गुड्, एड. जहीर अहमद, हाजी अनवर अंसारी, डॉक्टर परवेज खान, एड. अंसार इंदौरी, ज़मात-ए-इस्लामी हिन्द के शाक़िर मिर्ज़ा, पार्षद सोनू अब्बासी, जरगाम अहमद, अब्बू अंसारी, शोएब अहमद, मिल्लत ट्रस्ट के सदर हाज़ी खलील कुरैशी, गुजरात प्रभारी इंजीनियर इंसाफ आज़ाद, केकेसी के स्टेट वाईस चेयरमैन रिजवान खान, एसडीपीआई के प्रदेशाध्यक्ष अशफ़ाक़ हुसैन, सलीम अब्बासी, झालावाड़ से अब्दुल रशीद, मुकीम अहमद, बज़्मे अंसार के सदर सलीम अंसारी, शाहिद मुल्तानी सहित शहर भर के गणमान्य लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में ट्रस्टी सीए इस्लाम खान ने सभी का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अज़हरुद्दीन व मुजफ्फर राईन ने किया।

# नीट एग्जाम में मांगरोल कस्बे की बिटिया शिफा अंजुम और साईम अंसारी ने किया नाम रोशन





मांगरोल, (रॉयल पत्रिका)। डॉक्टर के लिए होने वाले NEET EXAM में मांगरोल कस्बे से मास्टर अब्दुल खालिक की बिटिया शिफा अंजुम ने ऑल इंडिया रैंक 19858 प्राप्त कर कामयाबी हासिल की।

मास्टर अब्दुल खालिक एक समाज सेवी भी है जो शिक्षा के प्रचार प्रसार के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी हमें शा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते आए हैं, आपने अपनी बिटिया के डॉक्टर बनने के स्वप्न को पूरा करने के लिए अपनी बेटी को Exam की तैयारी के लिए कोटा भेजा और सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाये और आज जो परिणाम घोषित हुआ उसमें बिटिया ने 720 में से 536 अंकों के साथ शानदार कामयाबी हासिल की। ऑल इंडिया लेवल पर 19858 रैंक हासिल की साथ ही कस्बे के रफीक अहमद के बेटे साईम अंसारी ने भी 535 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक 20406 प्राप्त कर कस्बे और परिवार का नाम रोशन किया।

जेसे ही यह खबर कस्बा मांगरोल में मुस्लिम समाज को पता चली लोगों ने शिफा अंजुम और साईम अंसारी की इस बड़ी कामयाबी पर खुशी जाहिर की और मास्टर अब्दुल खालिक और रफीक अहमद और उनके पूरे परिवार को मुबारकबाद पेश की खुशी जाहिर की।

# रामगंजमंडी में वृद्धाश्रम का कार्य 70 फीसदी पूरा



रामगंजमंडी, (रॉयल पत्रिका)। रामगंजमंडी शहर की धरणीधर कॉलोनी में वृद्धाश्रम बनाया जा रहा है। सामाजिक संस्था जल सेवा दल समिति की और से शुरू किया कार्य अब 70 फीसदी पूरा हो गया है। निर्माण पूरा होने के बाद इसमें बुजुर्गो को निशुल्क रखा जाएगा। जिसमें उनके लिए सुविधाएं मिलेंगी। वृद्धाश्रम निर्माण के लिए और प्लास्तर का कार्य अधूरा है। जो जल्द ही पूरा होगा।

जल सेवा दल समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रृंगी ने बताया कि वृद्धाश्रम भामाशाहों के सहयोग से बनवाया जा रहा है। जिसमें करीब 40 लाख रुपए खर्च होंगे। अब तक 20 लाख खर्च किए जा चुके हैं। निर्माण कार्य इसी वर्ष पूरा करना है।

# मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों का होगा सम्मान

## -पोस्टर विमोचन किया, कार्यक्रम 22 जून को




जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। नवीन जोधाणा जागरूक मंच संस्थान की और से आयोजित मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया।संस्थापक साजिद खान ने बताया कि पोस्टर विमोचन सलीम पंवार,रहीम सांखला,रसीद अंसारी, पार्षद असलम खान और शकील पठान के हाथो पोस्टर विमोचन करवाया गया।

प्रदेशाध्यक्ष इंसाफ अली भाई जान और अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने बताया कि मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण मुस्लिम समाज के तमाम विद्यार्थियों को हौसला-अफजाई के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह 22 जून को कारवां गार्डन में आयोजित किया जाएगा। संस्था के सय्यद हैदर अली ने बताया कि कार्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से करने के लिए 10 वीं 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थीयों के 125 आवेदन आ चुके हैं। संस्था सचिव शकील अहमद ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ अध्यापक मोहम्मद यासीन, इरफान कुरैशी, रहीम सांखला, सलीम पवार, रशीद अंसारी, शकील पठान, सय्यद हैदर अली, प्रदेशाध्यक्ष इंसाफ अली, नूर मोहम्मद, मोहम्मद अली, अध्यक्ष इमरान कुरेशी, आसिफ नूरी, युसूफ लोहानी, संस्थापक साजिद खान, इकबाल नुरी, समाजसेवी मोहम्मद जावेद, मोहम्मद आरिफ, इफ्तिखार, मोहम्मद हारुन, मोहम्मद सलीम मुन्ना, शाहरुख खान, सचिव शकील अहमद, सनवर, मोहम्मद आसिफ, आफताब, आसिफ खान सिन्धी, उस्मान कुरैशी, अश्फाक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही

## -झालावाड़ जिले के 27 थाना क्षेत्रों में 264 ठिकानों में पुलिस की अलग-अलग 73 टीमों द्वारा एक साथ कार्यवाही

**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय व रेंज कार्यालय कोटा के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही एवं अपराधियों की धरपकड हेतु एक दिवसीय, 14 जून 2025 एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत् जिला पुलिस द्वारा अकस्मात चैकिंग एवं धरपकड हेतु पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व निर्देशन एवं चिरंजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में जिला पुलिस के सभी वृत्ताधिकारीगण/ थानाधिकारीगणों मय अधिकतम जाप्ता द्वारा 264 अलग-अलग ठिकानों पर पुलिस की सघन चैकिंग की गई।

आर्म्स एक्ट की 1 कार्यवाही थाना अकलेरा द्वारा की गई जिसमें एक छूर्रा जप्त किया गया।

एक्साईज एक्ट की कुल 5 कार्यवाहियां की गई जिसमें थाना सदर झालावाड़ द्वारा 2, थाना जावर द्वारा 1 एवं थाना असनावर द्वारा 2 जिसमें 14 लीटर हथकढ शराब जप्त की गई।

जुआं अधिनियम में 5 कार्यवाहियां की गई जिसमें 1-1 कार्यवाही थाना रायपुर, गंगधार, रटलाई व 2 कार्यवाही थाना भालता द्वारा की गई।

एन.डी.पी.एस. एक्ट की 1 कार्यवाही थाना डग द्वारा की गई जिसमें 2 मुलजिमों के कब्जे से 11.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त की गई।

थाना घांटोली द्वारा गैरसायल मानसिंह तंवर निवासी पाटडी उर्फ गिरधरपुरा थाना घांटोली के कब्जे से नकद धनराशि रू. 7,38,600 संदिग्ध परिस्थिति में मिलने पर जप्त किये गये।

इसी प्रकार थाना पिड़ावा द्वारा 1 ईनामी अपराधी फरहान निवासी पिड़ावा को गिरफ्तार किया गया जो चाकूबाजी की घटना में वांछित था जिस पर रू. 2,000 का ईनाम घोषित था एवं 5 अनुसंधानाधीन प्रकरणों में वांछितों को कोतवाली झालावाड़ द्वारा 3. खानपुर द्वारा 1 एवं थाना सुनेल द्वारा 1 को गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ 51 असमाजिक तत्वों के विरूद्ध बी.एन.एस.एस. 2023 के प्रावधानों के तहत् इन्सदादी कार्यवाहियां की गई।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार निकट भविष्य में वांछित अपराधियों / संदिग्ध गतिविधियों एवं असमाजिक तत्वों एवं अपराधियों को संरक्षण देने वालो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही इसी प्रकार निरन्तर की जाती रहेगी।

# राज्य सरकार की भागीरथी पहल को बनाएं जन - जन का अभियान: प्रभारी मंत्री

## -ग्राम संबलपुर में 107 रिचार्ज पिटों का किया लोकार्पण

**शब्बीर हुसैन**



बारां,(रॉयल पत्रिका)। ग्रामीण विकास, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान की अब तक की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक मिनी सचिवालय सभागार जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। इस दौरान किशनगंज विधायक डॉ. ललित मीणा, अटरु-बारां विधायक राधेश्याम बैरवा सहित जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने प्रभारी मंत्री को अभियान में हुई प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में प्रभारी मंत्री देवासी ने कहा कि यह अभियान जन-जन को जोड़ने वाला साबित हो इसके लिए सभी अधिकारी पूरी कर्तव्य निष्ठा से इसे साकार करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन पर विशेष ध्यान दे रही है, इसलिए अभियान में समाज के सभी वर्गों को जोड़कर सर्वस्पर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है, और इस प्रकार जल संरक्षण की दिशा में यह अभियान निर्णायक एवं क्रांतिकारी साबित होगा।

उन्होंने कहा कि जन-जन की भागीदारी से ही अभियान जन आंदोलन का रूप ले सकेगा। अभियान जल संरक्षण के माध्यम से राज्य को जल स्वावलम्बी बनाने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान में समाज के सभी वर्गों को जोड़कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए जाएंगे।

साथ ही उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे भी तन-मन-धन से इस अभियान को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने बैठक में अभियान से संबधित सभी पहलुओं की चर्चा करते हुए अब तक की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक से पूर्व प्रभारी मंत्री ने ग्राम संबलपुर में 107 रिचार्ज पिटों का लोकार्पण किया।

इसके पश्चात उन्होंने विधायक राधेश्याम बैरवा एवं ललित मीणा के साथ पौधरोपण भी किया। बैठक में एडीएम दिवांशु शर्मा, एसई वाटर शेड मनोज पूरबगोला, एएसपी राजेश चौधरी, डीएफओ अनिल यादव, एसई राजवीर सिंह, एसई एन एम बिलौटिया, जनसम्पर्क सहायक निदेशक योगेंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 606वीं बरसी पर नवाब कायम खां को खिराजे-ए-अकीदत पेश की




झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। झुंझुनूं स्थित हज़रत कमरुद्दीन शाह की दरग़ाह में शनिवार 14 जून को आयोजित कार्यक्रम में कायमखानी कौम के संस्थापक नवाब कायम खां को उनके 606 वें शहादत दिवस पर खिराज-ए-अकीदत पेश की गई। कार्यक्रम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन से किया गया। दरगाह के सज्जादा नशीन एजाज नबी खान ने उनके लिए दुआए मगफिरत कराई। इस कार्यक्रम में जिले भर के लगभग पांच सौ मोअजीज कायमखानी सरदारों ने शिरकत की।

उनमें मुख्य तौर पर सेवानिवृत आईएएस अशफाक हुसैन एवं जाकिर हुसैन, राजस्थान मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन हिदायत खान धोलिया, हज़रत कमरुद्दीन शाह की दरग़ाह झुंझुनूं के सज्जादा नशीन एजाज नबी खान साहब, झुंझुनूं के पूर्व सभापति खालिद हुसैन, ले. कर्नल शौकत अली खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इस्माइल खां, झुंझुनूं जिला वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष इकबाल खां, सरपंच इरशाद खां, मुबारिक खां हैबत एवं उस्मान खान, पूर्व सरपंच मोहम्मद हफीज खां, सफी खान टीटीई, यूसुफ खान पार्षद, कप्तान लियाकत खां धनूरी, इंस्पेक्टर सद्दीक खां चैनपुरा, हाजी मुजफ्फर अली खां धनूरी, कप्तान अली हसन खां धनूरी, लियाकत खान पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, सूबेदार युनुस खान भीमसर, सूबेदार सरवर खां पिथूसर, प्रिंसिपल हफिज खां कंकड़ेउ, अली हसन खान कंकड़ेऊ, रिसा. गुलाम नबी खां कंकड़ेऊ, मास्टर कमरुद्दीन खान कंकड़ेऊ, मास्टर बुनियाद अली खान नयाबास, अनवार खां नयाबास, जाकिर झुंझुनूंवाला, कप्तान हयात मोहम्मद खां, गुलज़ार फौजी व उनकी टीम, शाहीन गुड् धनूरी, मास्टर मो. इशाक कायमसर, मो. सफीक पुरानाबास, उमेद खां, सत्तार खान, निसार खां व इस्पाक खां मलसीसर, कप्तान अय्यूब खान, अय्यूब खां दौलत खानी गांगियासर, भंवर अली खां चेनपुरा, मास्टर सज्जाद खां, शमशाद खां, बशीर खान जाबासर, कप्तान सुलतान खाँ व सूबेदार जंगशेर खां जाबासर, कप्तान जंगशेर खाँ पिथूसर, कप्तान जंगशेर खाँ नूआ, लियाकत खाँ कोलाली, डॉक्टर जुल्फ़िकार भीमसर, फारूक खाँ, निसार खान खुडाना, सूबेदार अजीज खान लादूसर, फैयाज खां चैनपुरा, सूबेदार मो. रफीक खान जोशीला, सूमे. मो. रफीक खान व सूमे. मनवर अली खान खुडाना, आशिक अली खां कायमसर, सूमे. हारून अली खान हसन्सर, कप्तान लाल खां व कप्तान इकबाल खान सिरयासर, कप्तान इकबाल खां फिरांस का बास, सूबेदार इकबाल खान किड्वाना, अलीशेर खान व सूमे. अनीश खान नुआ, अली हसन खान व आमीन खान धनूरी के साथ-साथ सैंकड़ों कायमखानी सरदार साहेबान हाजिर हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर लोगों का रुझान नवाब मोहम्मद खां संस्थापक झुंझुनू के सिलसिले को आगे बढ़ाने को लेकर था तथा झुंझुनूं पर 287 वर्षों तक कायमखानी कौम के शासन और कौम के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा हज़रत कमरुद्दीन शाह की दरग़ाह झुंझुनूं के सामने स्थित वक्फ की जमीन पर नवाब मोहम्मद खां का स्मारक, शहीदों का स्मारक और कौम के बच्चों के शैक्षणिक विकास हेतु हॉस्टल एवं कोचिंग के लिए भवन तथा सभागार के निर्माण की मांग उठाये जाने पर दरग़ाह के सज्जादा नशीन एजाज नबी खान एवं पूर्व सभापति खालिद हुसैन ने समर्थन कर इसमें पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इन सभी कार्यों को अंजाम देने तथा नवाब मोहम्मद खां के झुंझुनूं का संस्थापक होने का मुद्दा उचित स्तर पर उठाने व कौम की बेहतरी के लिए कार्य करने के लिए सर्वसम्मति से एक 20 सदस्ययी समिति का गठन किया गया। इस समिति का अध्यक्ष सेवानिवृत आईएएस अशफाक हुसैन को बनाया गया व राजस्थान मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन हिदायत खान धोलिया को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मंच संचालन कप्तान लियाकत अली खान धनूरी ने किया। अंत में इरशाद खां सरपंच ने इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले कौमी भाइयों और आयोजन कर्ताओं का शुक्रिया अदा करते हुए सभा का समापन किया।

# जल संरक्षण के प्रति लिया संकल्प

## -जिले भर में हुए जलाशयों की सफाई एवं जल गुणवत्ता परीक्षण




बारां, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में चलाए जा रहे "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" के अंतर्गत शुक्रवार को जिले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। अधीक्षण अभियंता आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न उपखण्डों में जलाशयों की सफाई, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस क्रम में किशनगंज में अमलावदा रोड, कॉलेज कैंपस बारां, बरडिया बस्ती अन्ता, ग्राम टांचा, मांगरोल के सोरती बाउड़ी, छबड़ा, कवाई के तेजाजी चौक, केलवाड़ा एवं शाहबाद में स्थित उच्च जलाशयों की सफाई की गई। छीपाबड़ौद व छबड़ा में स्वच्छ जलाशयों की सफाई कर उन्हें उपयोग योग्य बनाया गया। साथ ही रानी बड़ौद, रामनगर, केलवाड़ा एवं नयागांव में जल गुणवत्ता की जांच के लिए जल नमूनों का संग्रहण किया गया।

छीपाबड़ौद एवं अन्ता उपखण्ड में सहायक अभियंता द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रमों में छबड़ा, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता बारां, अन्ता, मांगरोल, किशनगंज, शाहबाद, अटरू, छीपाबड़ौद सहित स्थानीय संवेदक, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों की सफाई, पेयजल गुणवत्ता की निगरानी तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिससे लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित जल उपलब्ध हो सके।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत मीडिया राउंड टेबल कार्यशाला का आयोजन

## -जल संरक्षण के लिए जन जागरुकता में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा

**शब्बीर हुसैन**




बारां,(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले में शनिवार को मीडिया राउंड टेबल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में जल संरक्षण एवं संग्रहण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी पत्रकारों के माध्यम से व्यापक रूप से आमजन तक पहुंचाना है।

जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में कार्यशाला की शुरुआत कोटा रोड स्थित निजी रेस्टोरेंट में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक योगेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

सहायक निदेशक योगेन्द्र शर्मा ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की रूपरेखा, उद्देश्यों एवं जिले में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसमें जन-भागीदारी के माध्यम से जल के सतत संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज पूरब गोला ने जिले में जल संरक्षण को लेकर सरकार द्वारा किए जा रहे अहम कार्यों की पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में अमृत सरोवर, एनीकट, तलाई, मॉडल तालाब, मेड निर्माण तथा चारागाह भूमि पर पौधारोपण जैसे अनेक कार्य पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में 'जन' शब्द बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि जल संरक्षण कोई एक व्यक्ति या विभाग का कार्य नहीं, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें अभी से ठोस कदम उठाने होंगे।"

जिला परिषद के एसीईओ हरीश चन्द मीणा ने ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पंचायत स्तर पर संरचनात्मक विकास एवं जनजागरूकता के कार्यक्रमों के माध्यम से इस अभियान को जन-आंदोलन बनाया जा रहा है।

कार्यशाला के दौरान जिले के सभी पत्रकारों, अधिकारियों और विभागीय प्रतिनिधियों ने जिले में जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं, चुनौतियों और अनुभवों को साझा किया। पत्रकारों द्वारा अभियान की निगरानी, आमजन में संप्रेषण और योजनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए, जिनका संबंधित अधिकारियों ने संतोषजनक उत्तर भी दिया।

इस अवसर पर एसीएफ नवनीत शर्मा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी मोहन लाल जयपाल, महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक सतीश परिहार सहित जल ग्रहण विकास एवं भू - संरक्षण विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पंचायत राज एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारीगण तथा जिले के प्रमुख पत्रकार गण उपस्थित रहे।

कार्यशाला के समापन पर जल संरक्षण को लेकर मीडिया की भूमिका पर चर्चा की गई और इसे जनहित में एक महाअभियान के रूप में प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला ने यह स्पष्ट किया कि जल ही जीवन है और इसकी रक्षा हेतु शासन, प्रशासन एवं समाज को मिलकर कार्य करना होगा।

# दरगाह आमापीर बाबा और दरगाह हाल ख्याल बाबा का चौथा उर्स संपन्न




बारां,(रॉयल पत्रिका)। दरगाह आमापीर बाबा और दरगाह हालख्याल बाबा का चौथा उर्स 14 जून शनिवार को शहर के ओड़पुरा के ग्राउंड में सम्पन्न हुआ।

उर्स कमेटी के सदर खुर्शीद आलम ने बताया की 14 जून शनिवार के दिन बाद नमाज़ जोहर चादर पेश की गई और मगरिब की नमाज़ के बाद मिलाद शरीफ़ हुई और बाद नमाज़ ईशा के क़व्वाली का प्रोग्राम रखा गया जिसमें देश के मशहूर कवाल शब्बीर सदाकत साबरी ने कव्वाली प्रोग्राम पेश की।

कव्वाली प्रोग्राम में मेहमान खुसूसी के तौर पर वक़्फ़ कमेटी बारां के चैयरमेन इरफान अंसारी मौजूद रहे जिनका कमेटी के सदर खुर्शीद आलम और कमेटी के मेम्बरान ने दस्तारबंदी की और अन्य मेहमान में सलाम बाबा और मोइन बाबा, मुन्ना बाबा और अन्य लोगो का भी इस्तकबाद किया गया।।

प्रोग्राम में जनरल सेक्रेटरी सिद्दीक बाबा, खजांची मुन्ना भाई, जुगनू भाई, राजा फर्नीचर, फ़िरोज़ भाई, फहीम भाई, रईस भाई, अक्कू भाई, माशूक भाई, वसीम अहमद, गुलजार भाई, फ़ारूक़ भाई, शाहिद भाई, शोएब अख्तर, असलम राजा आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वनभूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त



बारां, (रॉयल पत्रिका)। शनिवार को उप वन संरक्षक अनिल यादव के निर्देशानुसार रेंज केलवाडा के वन नाका गणेशपुरा अंतर्गत मौजा गणेशपुरा में वनखण्ड तेलनी बी में अवैध रूप से खोदे गये 2 बोरवेल को नष्ट किया गया और पत्थर की दीवार हटाकर 200 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। साथ ही मौजा बहराई अन्तर्गत वनखण्ड राजपुर ए में अवैध रूप से खोदे गए एक बोरवेल को तथा 250 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। इस प्रकार 14 जून को कुल 450 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। और 62 पाइप को जब्त किया गया है। वन भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# नवाब दादा कायम खां की जन्मस्थली ददरेवा में राजस्थान के कायमखानियों ने मगफिरत की दुआएं की

**मोहम्मद अली पठान**




चूरू/ददरेवा राजगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के ददरेवा में दादा नवाब कायम खाँ के 606 वे शहादत दिवस पर पूरे प्रदेश से कायमखानी समाज के प्रबुद्धजनों ने दादा नवाब कायम खां की जन्मस्थली ददरेवा तहसील राजगढ़ चुरू में इकट्ठा हुए और उनकी मगफिरत की दुआ की गई और देश प्रदेश मे अमन-चैन भाई-चारा सौहार्द पूर्ण वातावरण बना रहे इसके लिए दुआएं की गई एवं अहमदाबाद, गुजरात में एयर इण्डिया फ्लाईट क्रश की दुर्घटना पर मृतकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिवार के साथ संवेदना प्रकट की गई। इस मौके पर कौम में शहीद हुए वीर सैनिकों की याद में ददरेवा में शहीद स्मारक बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया और साथ ही कामयखानी सामुदायिक भवन बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया। जिसमें कौम के जिम्मेदारों ने बढ़ चढ़कर आर्थिक सहयोग में हिस्सा लिया। इस मौके पर समाज के पूर्व काबिना मंत्री यूनुस खाँ, कर्नल शोकत खान संयोजक, असलम खाँ पूर्व कमिश्नर, ज़ाकिर खान पूर्व आई.ए.एस., उस्मान खाँ प्रधान, मुन्शी खान जिला अध्यक्ष चुरू, गुलाम मो. खाँ बैसवा, सुल्तान खाँ, इस्लाम खां, पूसे खाँ, सदीक खाँ मोडावासी, रमजान खाँ जोईया, नाजम अली खां पिथीसर, एडवोकेट युनुस खाँ मोयल, सरपंच इमरान शोभासर, जाकिर खाँ एडवोकेट हनुमानगढ़, युसफ खाँ भादरा, रफीक खाँ भादरा, शब्बीर खाँ भादरा, शमशेर खाँ बङाऊ, असलम खाँ सेहला, लियाकत खाँ डी. एस.ओ., मजीद खां सरपंच राणासर, रियाजत खां, मुमताज खान राणासर, आमीन खान ए एस एम ,जब्बार खान अल्फखानी ,इकबाल खान, भंवरू खाँ ठेकेदार, रीजवान दिलावर खानी, इलियास खाँ झारिया, शेर खान मलकान, आरिफ खान प्रिंसिपल, जंगेशेर खाँ पूर्व सरपंच पिथीसर, मुकारब खाँ राजपुरा, इन्जीनियर महावीर सिंह शेखावत ,शफी खां टी टी बिसाऊ, महम्मुद खान एलमान ,पप्पू खान बिसाऊ, सदीक खां नुआ, जाकिर खान के के चूरू,जाहिद कुरैशी सरपंच ददरेवा, बजरंग लाल शर्मा पूर्व सरपंच ददरेवा, निज़ाम खान कालूसर, एजाज़ खान पूर्व सरपंच रोल साबसर, वाहिद अली खान रोल साभसर, उम्मेद खान गिडानिया झुंझुनूं, कैप्टन जंगशेर खान मोडावासी, मुमताज खान, महबूब खान मास्टर, इब्राहिम खान आदि सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए। ददरेवा के सरपंच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन भंवरु खान पूर्व पार्षद भादरा ने किया।

# 14 जून को हर साल गोगामेड़ी में मनेगा कायमखानी दिवस

## -मुस्लिम राजपूत राजस्थान महासभा संगठन का बड़ा ऐलान





नोहर, (रॉयल पत्रिका)। उपखण्ड के गोगामेड़ी स्थान में नवाब कायम खां चौहान की 606 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल जनसभा व गौरवशाली स्वाभिमान यात्रा का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुस्लिम राजपूत राजस्थान महासभा अध्यक्ष अब्बास खान मोयल ने की एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र सिंह बिदावतनी ने की । इससे पहले आपने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए करने के बाद सभी बन्धुओं ने एक साथ आकर गोगामेड़ी में चादर पेश की। जिसके पश्चात् मेडी के निकटम सभा आयोजन स्थल पर गए वहां पर सभी ने आपका फूल- माला और साफा बांधकर स्वागत किया। समाजसेवी रविन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जब कायमखानी शब्द सुनता हूं तो शौर्य और पराक्रम प्रतीत का आभास होता है। मुस्लिम राजपूत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अब्बास खां मोयल ने कहा कि हम चायल मोयल और कायमखानी एक ही पेड़ की शाखा हैं लेकिन इन सभी को वर्तमान समय अलग-अलग साझा किया गया है। नवाब खान के आदर्शों पर चलते हुए उनके अधूरे रहे सपनों को साकार करने का संकल्प ले और अपनी कौम और समाज की भलाई करें। समाज में फैल रही गलत बुराइयों को त्याग कर "एक बनो नेक बनो" शिक्षा हासिल कर शिक्षित बनो। कामयाबी हासिल करके काम और समाज का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने और सभी समुदाय के बीच आपसी भाईचारा कायम करने की पहल करते हुए एक मिसाल कायम करें। कायमखानी काम की वफादारी और बहादुर और देश के लिए दी गई कुर्बानी के किस्से आज भी इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज हैं इसी आशा और विश्वास के साथ आप सभी का सहयोग चाहते हैं महासंघ के अल्लादीन खां ने अनेक सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। साहिल सिंह तंवर ने जातिगत जनगणना के बारे में अवगत करवाया, भंते प्रज्ञा सागर ने क्षत्रिय धर्म के प्रचार प्रसार के बारे में बताया। रविन्द्र सिंह बिदावत ने अध्यक्षता स्वीकारते हुए। आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। चायल सरदारों द्वारा समस्त गणमान्य लोगों का स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। आयोजन में मुबारिक खां धोलिया, रवि खां भुवान, सादुल खां गौराण, बरकत खान गहलोत झुंझुनू, मकसूद खान तवर चुरु, राजा मोहिल फतेहपुर, इस्लाम खां चायल भादरा, अजीज खान चौहान चूरू, रुस्तम खान जोधपुर, सलीम खान गहलोत झुंझुनू, यासीन खां गौराण, जतन सिंह राठौड़, महेन्द्र सिंह बिदावत, अनवर खां राजगढ़, अनवर खां एडवोकेट, मुबारिक खां हसनखानी, मुस्ताक खां गोगामेड़ी, इमरान खान चायल, गुलफान खां चायल अधिराज सिंह शेखावत सहित भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे। क्षत्रिय मूलनिवासी महासंघ के कार्यकर्ताओं ने कहा कायम खां चौहान गोगाजी चौहान की 16 वीं पीढ़ी से आते हैं इसलिए हर वर्ष गोगामेड़ी में ही सभा रखी जाएगी।

# हजरत ताजुशाह रहमतुल्ला अलेह के सालाना उर्स बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित तकिया ताजुशाह में दरगाह हजरत ताजुशाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। पहले दिन दरगाह पर झंडे की रस्म के अदा की गई फजर की नमाज के बाद मजार को गुस्ल दिया गया। दिन में कुरान ख्वानी, फातिहा का आयोजन हुआ ।

मुख्य चादर मोहल्ला काजियान नई सड़क से जुलूस के साथ लाई गई और अकीदत के साथ दरगाह पर चढ़ाई। दिन भर जायरीनों ने फूल-मालाओं और चादर चढ़ा कर मन्नतें मांगी। दिन भर जायरीनों का तांता लगा रहा और शाम को लंगर में खाना खिलाया गया। रात्रि में मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ। जिसमें मौलानाओं ने तकरीर की। तकिया ताजुशाह कमेटी के सदस्यों व इमाम साहब ने बताया कि यह दरगाह 400 साल से भी अधिक पुरानी है और यहां पर सभी धर्म के मानने वाले लोग अपनी आस्था के साथ आते हैं। यहां पर लंगर में खाना भी हलवा और चना अलग-अलग देगो में बनाया जाता है और सभी को बड़े ही आराम से बैठकर खिलाया जाता है।

दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मुस्ताक खान, खजान्ची आमीन खान,आवेश खान, बुंदघे खान, बाबू खान, मौलाना मकसूद, इमाम बागवान, हाजी भंवरु खान, हाजी अख्तर अली पठान, महबूब खान, हाजी यूनुस खान, निजाम खान, गुलाम खां जिलानी, मैनुद्दीन खान, पिरू काका, रमजान खान, नवाब खां गार्ड, के. डी. मनियार, युसूफ खान जोईया, आजम अली भाटी, आरिफ खान आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई और दुआ की गई अमन चैन भाई-चारा और आपसी सौहार्द्र की प्रतीक दरगाह में कुल की रस्म के साथ उर्स संपन्न हुआ।

# नवाब कायम खां के शहीद दिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन


## -कई जगहों पर शहर में पिलाया गया ठंडा पानी व शरबत




चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर नवाब कायम खां के 606 वें शहीद दिवस के उपलक्ष में इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा भरतिया कुएं के सामने स्थित स्टे रिलेक्सड फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व दुआ-ए-मगफिरत की मजलिस आयोजित कर नवाब कायम खां को ख़िराज-ए-अकीदत पेश की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मुश्ताक खान ने की। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने नवाब कायम खां के जीवन के बारे में बताया। डॉ. पुष्पा खारड़िया ने बताया कि शिविर में 72 लोग लाभान्वित हुए। शिविर में डॉ. अजहर कुरैशी, डॉ. के. डी. यादव, डॉ. शाहनवाज खान, डॉ. अखतर खान ने सेवाएं दी। इस दौरान जाफर खान, इमरान बी खान, अजीज खान, प्राप्त खान, महबूब खान, आवेश कुरैशी, सुलेमान मनिहार, विनोद खारड़िया, प्रदीप सैन, सुनील जांगिड़, आमीन खान, सोयल खान डीके, जाकिर खान, रेहान खान, फरमान खान, शोयब खान, असलम भाटी, अशरफ भाटी, गफ्फार खान, एलमान आदि मौजूद रहे। समिति मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने आभार जताया।


# पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई ने केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र

## -जैसलमेर, बाड़मेर, सांचौर, और भाभर रेल परियोजना की स्वीकृति को लेकर पुन: पत्र लिखकर की मांग



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। पूर्व राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई ने केन्द्रीय रेल, संचार एंव इलेक्ट्रोनिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर जैसलमेर- बाड़मेर- सांचौर-भाभर रेल परियोजना की स्वीकृति का अनुरोध किया। पूर्व में भी इसी परियोजना का सर्वे हेतु दो बार रेल मंत्री से मिलकर जैसलमेर, बाड़मेर, सांचौर और भाभर रेल परियोजना का सर्वे करवाकर रेल लाइन बिछाने हेतु स्वीकृति जारी करवाने की मांग की। सांचोरी मालानी की जीवनरेखा बन सकने वाली जैसलमेर, बाड़मेर, सांचौर व भाभर रेल परियोजना की मांग बहुत ही लम्बे समय से चली आ रही है। परन्तु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इस परियोजना को लेकर पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई ने जुलाई 2021 व अप्रैल 2023 को स्वयं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उक्त परियोजना को रेल लाइन से जोड़ने हेतु मांग की थी। जिसकी अनुपालना में रेल मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया था परन्तु अभी तक इस परियोजना से संबंधित कोई कार्रवाई नही हुई है और हाल में राजस्थान में बागरा, सिरोही, स्वरूपगंज रेल लाईन बिछाने हेतु सर्वे की स्वीकृति प्रदान की है। जैसलमेर, बाड़मेर, सांचौर और भाभर रेल परियोजना की स्वीकृति मिल जाती है तो इस पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों के बड़ी संख्या में प्रवासीगण भारत भर में अपने-अपने व्यवसाय कर रहे हैं। जिसको भी अपनी यात्राओं में भी आसानी होगी। और साथ ही साथ अपने जैसलमेर, बाड़मेर, सांचौर क्षेत्र के किसानों के नर्मदा का पानी आने पर भरपुर मात्रा में फसलों का उत्पादन होता है, इन फसलों की बिक्री हेतु छोटे वाहनों से ट्रांसपोर्ट करना पड़ता है। इस परियोजना से पश्चिमी राजस्थान ओर सीमावर्ती क्षेत्र के किसानों को बहुत फायदा होगा। वहीं सीमा पर तनाव के स्थिति में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विश्व की सबसे बड़ी पथमेड़ा गौशाला, रणखार कंजर्वेशन पार्क जैसे पर्यटन स्थल भी मुख्य मानचित्र में लाने और इन क्षेत्र के उद्यमियों और दूर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को भी इस परियोजना से बहुत फायदा मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुखराम विश्नोई ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र में पूर्व में दो बार इनसे मिलकर रखी मांग का हवाला देकर जैसलमेर, बाड़मर, सांचौर और भाभर रेल परियोजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है. ताकि लम्बे समय से लम्बित इस महत्वपूर्ण रेल लाइन का सपना साकार हो सके।

# गीतांजली हॉस्पिटल में फादर्स डे पर विशेष कार्यक्रम हुआ आयोजित






उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली हॉस्पिटल में शनिवार को फादर्स डे पर विशेष कार्यक्रम "पिता – अनुभवों की दौलत" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष भंवर सेठ और लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत उपर्णा पहनाकर मार्केटिंग हेड कल्पेश चन्द रजबार द्वारा किया गया। महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष भंवर सेठ जी ने फादर्स डे के अवसर पर उपस्थितजनों को भावभीना संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने "पिता" की जीवन में भूमिका, अनुशासन और त्याग पर मार्मिक बातें साझा की।

फादर्स डे पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत किये गए, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। डॉ. संजय गांधी – CTVS सर्जन, डॉ. आशीष जाखेटिया– कैंसर सर्जन, डॉ. पंकज त्रिवेदी – यूरोलॉजिस्ट, डॉ. दिलीप जैन – हृदय रोग विशेषज्ञ, गीतांजली डेंटल से डॉ. सौरभ ने कार्यक्रम की एक विशेष कड़ी रही विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व जागरूकता प्रदान की गयी व सवाल जवाब भी किये गए। हर्निया लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. मोहित कुमार बडगुजर द्वारा गीतांजली हॉस्पिटल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी द्वारा किये जा रहे सफल ऑपरेशन को चित्रों के माध्यम से दिखाया व गीतांजली हॉस्पिटल में मौजूद अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में भी जानकारी प्रदान की सभी डॉक्टरों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित परीक्षण करवाने और वृद्धावस्था में सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। कल्पेश चन्द रजबार द्वारा भंवर सेठ जी को फादर्स डे मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गीत व कविता की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। साथ ही, कई वरिष्ठ सदस्यों ने अपने पिता से जुड़े संस्मरण एवं पिता होने के अनुभव साझा कर माहौल को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन हेड पी.आर हरलीन गंभीर ने किया व सभी अतिथियों, वरिष्ठ नागरिकों, डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# सीएसआर कम्पनी एवं उद्यमियों की सहभागिता बैठक आयोजित

## -राज्य स्तरीय खाता में 3 करोड रूपये अंशदान देने की सहमति



पाली, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की प्रेरणा से राज्य में 5 जून से 20 जून तक "वन्दे गंगा" जल संरक्षण के लिये चलाये जा रहे जल अभियान के अन्तर्गत गत दिवस को जिला कलक्टर एलएन मंत्री पाली की अध्यक्षता में भामाशाहों दानदाताओं के साथ सीएसआर की बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिले के भामाशाहों, दानदाताओं, आमजन, कॉरपोरेट सेक्टर एवं सीएसआर के तहत जल संरक्षण एवं जल संचय कार्य किये जाने के लिये आगाज किया गया एवं पूर्व में किये गये कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में "वन्दे गंगा" जल संरक्षण के लिये चलाये जा रहे जल अभियान के तहत जिला कलकटर मंत्री ने उपस्थित भामाशाहों, दानदाताओं, उद्यमियों एवं सीएसआर कम्पनीयों से निवेदन किया गया कि जल की आवश्यकता एवं उपयोगिता महत्व से अवगत कराते हुये जल संरक्षण एवं जल संचय को महत्वपूर्ण बताते हुये सरकार द्वारा जिलें में 539 कार्य चिन्हित किये गये है, उनमें से आप अपने क्षेत्र के आस-पास के गावों के कार्यों को अपने स्तर पर कार्य करवाये जा सकते एवं राज्य स्तरीय खाता मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 समिति राजस्थान के खाता में अपना अंशदान जमा करा सकते है।

मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 समिति राजस्थान के खाता में लगभग 3.00 करोड रूपये का अंशदान देने के लिये सहमति

इस अवसर पर उपस्थित भामाशाहों, दानदाताओं, उद्यमियों एवं सीएसआर कम्पनीयों द्वारा अपने स्तर से चिन्हित गावों के कार्यों को कराने की सहमति प्रदान की गई एवं राज्य स्तरीय खाता मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 समिति राजस्थान के खाता में लगभग 3.00 करोड रूपये का अंशदान देने के लिये सहमति दी गई।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत सूचना केंद्र में आयोजित हुई 'मीडिया राउंड द टेबल' एक्टिविटी




चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' अंतर्गत रविवार को जिला मुख्यालय स्थित सूचना केन्द्र में 'मीडिया राउंड द टेबल' एक्टिविटी आयोजित की गई। जिला कलक्टर सुराणा ने प्रेस प्रतिनिधियों से अभियान के विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जिले में जलग्रहण गतिविधियों व जल संरचनाओं के संरक्षण से अवगत करवाया। 'वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' एक जन चेतना इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल संरक्षण गतिविधियों में समाज, समूह, संगठनों व आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए 'वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान' के रूप में महत्वाकांक्षी निर्णय लिया सुराणा ने बताया कि अभियान के सफल आयोजन हेतु मजबूत विभागीय समन्वय स्थापित किया गया है। अभियान अंतर्गत जल शक्ति अभियान- कैच द रैन, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, हरियालो राजस्थान, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, एक पेड़ मां के नाम आदि अभियानों को सम्मिलित रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी के साथ श्रमदान और जल संरक्षण कार्यक्रम, जल संरचनाओं का निर्माण, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्निर्माण, संस्कृति व परंपराओं से जल संरक्षण को जोड़ना व जल संस्कृति को बढ़ावा देना, कार्यशालाएं और जन संवाद आदि विभिन्न गतिविधियों पर फोकस किया जा रहा है।

तालाब, बावड़ी, नाड़ी आदि परम्परागत जल स्रोतों पर जन भागीदारी से इन जल स्रोतों की साफ-सफाई, जल एवं पीपल पूजन के साथ समारोहपूर्वक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं और कहा कि 'वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' केवल एक सरकारी परियोजना नहीं, बल्कि यह एक जन चेतना है। यह अभियान राज्य के हर गांव, हर मोहल्ले और हर नागरिक के मन में जल के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को जागृत करता है। यह अभियान न केवल जल संकट से निपटने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि यह भावी पीढ़ियों को एक हरित, स्वच्छ और जल समृद्ध राजस्थान सौंपने की और एक ठोस प्रयास है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरु इस अभियान का उद्देश्य राज्य में जल संकट से निपटना और पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस अभियान में पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्निर्माण, जल संचयन संरचनाओं के निर्माण, और जल संरक्षण की जन जागरूकता को बढ़ावा देने जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# रानी में सड़क और नालियों की साफ सफाई से चमक उठा क्षेत्र



पाली, (रॉयल पत्रिका)। वन्दे गंगा के तहत रानी खुर्द शहर मे स्थित नवीन विकसित आवासीय कॉलोनी " रूप वाटिका स्कीम नम्बर 2 " में नगर पालिका की और से सड़क और नालियों की समुचित साफ सफाई करवाई गई। स्थानीय निवासियों की मांग अनुसार कुल 40 नीम के पौधारोपण करके उनकी सुरक्षा के लिये ट्री गार्ड भी लगवाए गए। इस कॉलोनी वासियों ने इन सभी पौधो को पानी पिलाने व रख-रखाव का संकल्प लेकर पर्यावरण के प्रति सजगता का संदेश दिया गया। साथ ही पालिका क्षेत्र मे मैन रोड़ पर समुचित साफ सफाई करवाई गई और डिवाइडर के पास जमा कचरा व मिट्टी आदि हटवाई गई। विशेष अभियान के तहत सुबह और दोपहर में इन दोनों नव निर्मित रोड़ व आस पास की नाली, दोनों को फायर की गाड़ी के माध्यम से पानी से धुलाई करवाई साथ ही पालिका क्षेत्र मे नाला व नाली सफाई कार्य करवाया गया।

# मोहर्रम इंतजामिया कमेटी का गठन

पाली, (रॉयल पत्रिका)। आगामी मोहर्रम पर्व की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पाली में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी का औपचारिक गठन कर दिया गया है। आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

समिति की संरचना में अनुभवी और युवा सदस्यों को शामिल किया गया है ताकि मोहर्रम से संबंधित सभी पहलुओं पर प्रभावी ढंग से काम किया जा सके। नवगठित कमेटी में निम्नलिखित सदस्यों को पदभार सौंपा गया है।

सरपरस्त: एडवोकेट मो. साबिर खान और सलीम भाई मिस्कीन, सदर (अध्यक्ष): अब्दुल अजीज फौजदार, कमेटी संयोजक: रफीक अब्बासी, नायब सदर (उपाध्यक्ष): मोहम्मद जाहिद गौरी और संजय खान सिंधी, सेक्रेटरी (सचिव): जावेद खान सिरोहा, ज्वाइंट सेक्रेट्री (संयुक्त सचिव): जिशान अली रंगरेज और मुस्ताक गौरी, केशियर (कोषाध्यक्ष): सलीम डैडी, नायब केशियर (उप-कोषाध्यक्ष): उमर खान चढ़वा, इमरान लोहार।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पीठ के मोहर्रम लाइसेंसधारक हाजी उमर लोहार, शाहिद पिन्नू मोहर्रम चूड़ीगरान लाइसेंसधारक, पलटन मोहर्रम लाइसेंसधारक इलियास भाई कुरेशी, मोहर्रम खरादियान लाइसेंसधारक इकबाल भाई खरादी, मोहर्रम जूनी पाली लाइसेंसधारक सलीम भाई पिंजारा, चोटिला सदर अमजद अली रंगरेज, कलाम गौरी, नजमुद्दीन गौरी, इंसाफ सोलंकी, तारिक अली चूड़ीगर, अनवर सोजत, आरिफ नवीन, मुनाजिर अली, सेराज गौरी, मोहसिन खरादी, नजमुद्दीन बेलिम, रजब अली, आबिद चढ़ावा, रईस सोलंकी सातावाला, रजब अली खरादी, अज्जू डॉन, जाहिद बालीवाला खरादी, इरफान रंगरेज और असलम सिंधी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करना है।













# सैयद पब्लिक स्कूल एवं सूफिया एकेडमी, जयपुर का शानदार परीक्षा परिणाम



उरूज़ 92 प्रतिशत | रिफा अख्तर 87 प्रतिशत | तसभी फातिमा 83 प्रतिशत | मुस्कान 70 प्रतिशत | अस्मा बानो 70 प्रतिशत | अनस 70 प्रतिशत | साजिद 70 प्रतिशत | नाज़िम 68 प्रतिशत

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। ईदगाह स्थित सैयद पब्लिक स्कूल एवं सूफिया एकेडमी ने 5,8,10 एवं 12 वी कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। बारहवीं कक्षा की बात करें तो छात्रा उरूज़ ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया, जबकि रिफा अख़्तर ने 87 प्रतिशत और तसबीह फातिमा ने 83 प्रतिशत अंक अर्जित किए। यह सफलता छात्राओं की मेहनत और स्कूल शिक्षकों की मेहनती निगरानी का परिणाम है। स्कूल की प्रिंसिपल खदीजा जी ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक विषय के लिए अलग-अलग योग्य अध्यापक नियुक्त हैं, जो खास तौर पर दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों पर विशेष ध्यान देते हैं। साथ ही बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फ़िज़िकल एक्टिविटीज़, खेलकूद, दीनियात, कंप्यूटर जैसी सुविधाएं भी स्कूल में उपलब्ध हैं।

# अमान अंजुम ख़ान ने हासिल की बड़ी उपलब्धि



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। भाँकरोटा स्थित हैंगिंग गार्डन निवासी छात्र अमान अंजुम ख़ान ने वो उपलब्धि हासिल की जो बहुत से माता-पिता और हर इंजीनियर बनने का सपना रखने वाले छात्र का होता है। अमान ने 95 प्रतिशत से बारहवीं कक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त किए। इसी के साथ JEE Advanced 2025 परीक्षा भी पहले प्रयास अच्छी रैंक से पास की। अमान ने OBC AIR 849 रैंक हासिल की, जो एक क़ाबिले तारीफ़ परिणाम है। अमान ने बातचीत में बताया कि इस रिज़ल्ट में उनके माता-पिता, कोचिंग सेंटर और उनके दोस्तों का काफ़ी योगदान रहा। अमान की माँ डॉक्टर हिना जो ख़ुद एक सरकारी अध्यापिका हैं बताती है किस तरह से उन्होंने अमान के साथ मिलकर उनकी तैयारी करायी। उन्होंने अपने बच्चे पर किसी तरह का दबाव पढ़ाई और परीक्षा को लेकर नहीं बनाया अलबत्ता अमान की दिनचर्या, ख़ान-पान एवं उनकी पढ़ाई का पूरा ध्यान रखा। अमान ने कड़ी निष्ठा, आत्म विश्वास और नियमित पढ़ाई से ये परिणाम हासिल किया। अब अमान आईआईटी के बड़े कॉलेज में जाने की तैयारी में हैं जिनमे से आईआईटी दिल्ली, मुंबई वगैरह उनकी पहली पसंद हैं जहाँ से वह काबिल इंजीनियर बनना चाहते हैं। आख़िर में अमान ने ख़ुदा का शुक्र अदा किया। उन्होंने अपने माता-पिता एवं कोचिंग स्टाफ का भी शुक्रिया अदा किया।

# राजस्थान विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में अनम शम्सी को गोल्ड मेडल



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह का 15 मई को आयोजन हुआ है।इस अवसर पर मुस्लिम समाज की एक और होनहार छात्रा को स्वर्ण पदक मिला। जयपुर के चांदपोल बाज़ार के कल्याणजी का रास्ता निवासी मो. अकरम की पुत्री अनम शम्सी ने MA in Museology and Conservation सत्र 2021-2023 में पूरे राजस्थान विश्विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और उन्हें स्वर्ण पदक मिला। इस उपलब्धि से अनम ने ना सिर्फ़ अपने माता-पिता का बल्कि पूरे मुस्लिम समाज एवं प्रदेश का का नाम रोशन किया। अनम ने बताया कि उनका शुरू से लक्ष्य था की वह स्वर्ण पदक ही हासिल करें और इसी दृढ़ निष्ठा, मेहनत और आत्मविश्वास से उन्होंने यह कारनामा करके दिखाया। अनम ने इस क़ामयाबी के लिए खुदा का शुक्र ख़ासतौर से अदा किया उसके बाद अपने माता-पिता, भाई एवं ख़ासतौर पर विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों का उनके प्रोत्साहन के लिए शुक्रिया अदा किया। अनम ने यह स्वर्ण पदक राजस्थान विश्वविद्यालय के Museology and Conservation विभाग में हासिल किया जो की इतिहास विभाग की एक शाखा है। अनम ने अपनी स्कूलिंग सैंट ज़ेवियर्स स्कूल से पूरी की उसके बाद बीए महारानी कॉलेज से किया जहाँ भी इन्होंने अपनी क़ाबिलियत का प्रदर्शन किया। अनम के पिता मो. अकरम जो सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर में सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट हैं, उनका कहना है की उनकी बेटी ने ना सिर्फ़ उनका नाम रोशन किया बल्कि पूरे समाज की छात्राओं की प्रेरणा बनी। उन्होंने आगे मुस्लिम समाज के लोगो से अपील भी की और कहा के अपनी बच्चियों को खूब पढ़ाएँ और सशक्त बनाएं ताकि वो समाज अपनी अलग पहचान रख सकें और किसी की मोहताज ना रहें। पिता और पूरा परिवार ही अपनी बेटी अनम की इस कारनामे पर फ़ख़्र करते, खुश नज़र आए। अनम का यह गोल्ड मेडल उन तमाम लोगो के लिए जवाब है जो समाज में लड़कियों को पढ़ाने और सशक्त बनाने से कतराते हैं।




# भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु को ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन 19 जून को होगा लॉन्च



नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि 19 जून को एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च होगा। भारत के लिए एक्सिओम-4 मिशन काफी अहम है, क्योंकि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के रूप में पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाएगा। 39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला लखनऊ में जन्मे हैं। उन्हें जून 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन मिला। उन्हें 2000 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव हासिल है। वे सुखोई-30 एमके 1, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर और एएन-32 जैसे फाइटर जेट्स को उड़ा चुके हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के लिए भी मिशन महत्वपूर्ण होगा। वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर विशेष खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोग करेंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्च तारीख अब 19 जून 2025 के लिए फिर से निर्धारित की गई है। साथ ही स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की है कि लॉन्च को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों पर पूरी तरह से काम किया गया है।" उन्होंने कहा कि आगे का कोई भी अपडेट समय के अनुसार साझा किया जाएगा।










मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com